
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 121 | ग्वालियर,11 जनवरी गुरुवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से कांग्रेस की दूरी जरूरी या सियासी मजबूरी?

कांग्रेस ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से खुद को अलग कर लिया है, लेकिन जिस कांग्रेस ने राम मंदिर का ताला खुलवाने का श्रेय लेने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिस कांग्रेस ने शिला पूजन की इजाजत देने का पूरा क्रेडिट अपने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दिया. जिस कांग्रेस के नेता राजीव गांधी ने अपने लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत ही राम जन्मभूमि से की, उसी कांग्रेस के साथ आज ऐसा क्या हुआ है कि उसने बहुसंख्यकों की भावनाओं को दरकिनार कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल न होने का फैसला कर लिया है और जिसके लिए अब पार्टी के अंदर से ही विरोध के सुर उठने लगे हैं

**कांग्रेस ने लिया था राम मंदिर का श्रेय** -देश के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता राजीव गांधी की 76वीं जयंती पर मध्य प्रदेश कांग्रेस की ओर से एक पोस्टर जारी हुआ था. इस पोस्टर में कांग्रेस ने दूरदर्शन पर रामायण का प्रसारण करवाने, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह को मनाकर राम जन्मभूमि का ताला खुलवाने और 1989 में राम मंदिर के शिलान्यास में गृहमंत्री बूटा सिंह को भेजने के लिए राजीव गांधी को श्रेय दिया गया था.इतना ही नहीं, कांग्रेस ने इस पोस्टर में यहां तक दावा किया था कि चेन्नई में अपनी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजीव गांधी ने कहा था कि राम मंदिर अयोध्या में ही बनेगा.

प्राण प्रतिष्ठा में जाने से कांग्रेस ने इंकार किया-अब अगर कांग्रेस के नेताओं की ही बात का यकीन करें तो राजीव गांधी के कहे मुताबिक अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है और 22 जनवरी को उसकी प्राण प्रतिष्ठा भी हो रही है, लेकिन अब जो कांग्रेस है, वो राजीव गांधी वाली नहीं है. राजीव गांधी गुजर चुके हैं. ऐसे में कांग्रेस आलाकमान ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने से इंकार कर दिया है.

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने बकायदा पत्र जारी कर इस बात का ऐलान किया है कि कांग्रेस और उसके नेता राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं होंगे. ऐसे में सवाल है कि कांग्रेस ऐसा क्यों कर रही है. क्या सिर्फ इस वजह से कि राम मंदिर बनाने का श्रेय बीजेपी लेती है? क्योंकि पत्र में जयराम रमेश ने जो लिखा है, उसका तो सार यही निकलता है. जयराम रमेश ने लिखा, ÷हमारे देश में लाखों लोग भगवान राम की पूजा करते हैं. धर्म एक निजी मामला है, लेकिन आरएसएस




और बीजेपी ने लंबे समय से अयोध्या में मंदिर को राजनीतिक प्रोजेक्ट बनाया है. बीजेपी और आरएसएस के नेताओं की ओर से अधूरे मंदिर का उद्घाटन स्पष्ट रूप से चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा है.÷

**कांग्रेस से छिटका हिंदू वोट बैंक-** अब कांग्रेस की बात में सच्चाई तो है कि बीजेपी ने 1989 के पालपुर अधिवेशन से ही राम मंदिर को अपना चुनावी मुद्दा बना रखा है, लेकिन कांग्रेस ने भी तो राम मंदिर का श्रेय लेने में कोई कसर नहीं छोड़ी. हां ये बात अलग है कि उसे कोई फायदा नहीं हुआ, उल्टे हिंदू वोट बैंक उससे छिटक ही गया, जिसका नतीजा ये हुआ कि 1984 में 404 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 1989 के लोकसभा चुनाव में सत्ता से ही बाहर हो गई.फिर 1991 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में राम मंदिर का जिक्र किया, लेकिन ये कहा कि बिना बाबरी गिराए ही अयोध्या में राम मंदिर बनेगा. 1991 में कांग्रेस की जीत हुई, नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री भी बने, लेकिन इस जीत में कांग्रेस को राम मंदिर की कोई खास भूमिका दिखी नहीं.

**सॉफ्ट हिंदुत्व भी नहीं आई कांग्रेस के काम**-ऐसे में सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस को अब वही दिन याद आ रहे हैं, जिसकी वजह से उसने खुद को राम मंदिर से अलग कर लिया है? क्योंकि उसके बाद भी कांग्रेस ने जब-जब सॉफ्ट हिंदुत्व का सहारा लिया चाहे वो गुजरात का चुनाव हो या फिर उत्तर प्रदेश का चुनाव या फिर अभी हालिया बीता मध्य प्रदेश का चुनाव, कांग्रेस को नुकसान ही हुआ है.

भले ही राहुल गांधी ने जनेऊ लपेटकर मंदिर-मंदिर परिक्रमा की या फिर प्रियंका गांधी वाड्रा ने नवरात्र का व्रत रखा या फिर कमलनाथ ने राम कथा का आयोजन करवाया या फिर भूपेश बघेल ने कौशल्या माता मंदिर बनवाया, उसे चुनावी फायदा नहीं हुआ.अब कांग्रेस से कम से कम मुस्लिम वोट बैंक न छिटके इसकी ही जुगत में कांग्रेस ने खुद को राम मंदिर से दूर कर लिया है. क्योंकि कांग्रेस को भी पता है कि पूरे देश में मुस्लिम का वोट करीब-करीब 15 फीसदी है और इसका सबसे बड़ा हिस्सा हमेशा से कांग्रेस के ही पाले में जाता है. इस बार भी जब 2024 के चुनाव हैं तो कांग्रेस इस वोट बैंक को साधकर रखना चाहती है.

**राम मंदिर से क्यों दूरी बना रही कांग्रेस**-बाकी कांग्रेस के राम मंदिर से दूरी बनाने की सबसे बड़ी और असल वजह है दक्षिण भारत में खिसकती बीजेपी की सियासी जमीन, जिसपर कांग्रेस लगातार मजबूत होकर उभरती हुई दिख रही है. कांग्रेस को इस बात को बखूबी जानती है कि वो चाहे जितनी भी कोशिश करे, उत्तर भारत में उसे कुछ खास हासिल होने वाला नहीं है. बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश तक जो भी हासिल होगा, उसके सहयोगियों को होगा.मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अभी कांग्रेस भरपूर ताकत झोंकने के बाद भी बड़ा नुकसान उठा ही चुकी है. गुजरात में कांग्रेस के पास पाने के लिए कुछ नहीं है. पंजाब में भी जो मिलेगा, वो कांग्रेस और आप के बीच बंट ही जाएगा. ऐसे में दक्षिण भारत के दो राज्यों कर्नाटक और फिर तेलंगाना में हुई कांग्रेस की जीत ने उसे वो संजीवनी दी है कि उसने अपना पूरा फोकस दक्षिण भारत पर लगा दिया है,

## एक नजर

### एक महीने में घट गईं 2 लाख लाड़ली बहन

मध्य प्रदेश की पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान सरकार के कार्यकाल की महत्वकांक्षी योजना लाड़ली बहना योजना को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच सवाल-जवाब का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है. बीते दिन राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने प्रदेश की 1 करोड़ 29 लाख लड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से रुपये डाले हैं. इधर अब इस योजना को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ट्वीट कर सवाल उठाए हैंनेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ङ्ग पर लाड़ली बहना योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि महीने भर में ही दो लाख लाड़ली बहना घट गई हैं. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, इस योजना के तहत एक करोड़ 31 लाख से अधिक बहनें लाभांवित हो रही थीं, लेकिन आज प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने एक करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खातों में राशि डाली है. महज एक महीने में ही सीधे-सीधे दो लाख लाड़ली बहनें घट गई हैं.




**सरकार बताएं कहां गायब हुई लाड़ली बहनें**-कांग्रेस नेता ने बीजेपी की प्रदेश सरकार से सवाल किया है कि पूर्ववर्ती शिवराज सरकार ने इस योजना को लागू करते हुए आधिकारिक तौर पर वास्तविक हितग्राही बहनों की संख्या 1 करोड़ 31 लाख बताई थी. मोहन सरकार के शपथ लेने के बाद पहली बार सरकार ने आज सार्वजनिक किया है कि एक करोड़ 29 लाख बहनों के खातों में आज 1,576 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए हैं. यानी सरकार ने दो लाख बहनों की संख्या एक माह में ही कम होना स्वीकार किया कांग्रेस नेता ने कहा, यदि 1,576 करोड़ रुपयों की राशि में 1,250 से भाग दिया जाए तो कुल वास्तावित लाड़ली बहनों की संख्या 1 करोड़ 26 लाख 8 हजार होती है, जो सीधे तौर पर 4 लाख 92 हजार बहनों के अंतर को दर्शाता है. इन स्थितियों में मुख्यमंत्री बताएं कि उनकी सरकार बनते ही मात्र एक माह में लाखों बहनें कहां गायब हो गईं?

**न हमारे पेट में दर्द है न ही अपचन**-कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के कथन अनुसार इस योजना को लेकर कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है. लिहाजा कांग्रेस यह स्पष्ट कर रही है कि न तो हमारे पेट में अपचन है और न ही दर्द है. मुख्यमंत्री तो सिर्फ यह स्पष्ट कर दें कि 4 लाख 92 हजार बहनें कहां हैं, उनसे उनकी सहायता राशि का हक किन कारणों से छीना गया और उसका दोषी कौन है?

### एमपी पुलिस में बड़ा फेरबदल, इंटेलिजेंस प्रमुख बदले गए, सीएम सुरक्षा में लगे अधिकारी का भी तबादला



मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने के साथ ही कई प्रमुख स्थानों पर अधिकारी बदलने का सिलसिला शुरू हो गया है. अब मध्य प्रदेश में जिन आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी हुई है, उनमें इंटेलिजेंस विभाग के मुख्य अधिकारी को भी बदल दिया गया है. इंटेलिजेंस विभाग की कमान संभाल रहे एडीजी आदर्श कटियार को हटाकर पुलिस मुख्यालय भोपाल में दूरसंचार विभाग के प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है. गृह विभाग की ओर से तीन आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई है. इस तबादला सूची में प्रमुख रूप से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुप्त वार्ता पद पर आदर्श कटियार के स्थान पर जयदीप प्रसाद को जिम्मेदारी सौंपी गई है. जयदीप प्रसाद पूर्व में उज्जैन के पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं. ऐसा माना जाता है कि उनके मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से नजदीकी संबंध रहे हैं. इंटेलिजेंस विभाग में फेरबदल की संभावनाएं कई दिनों से चल रही थी. मंगलवार देर रात जारी हुई सूची ने अटकलों को विराम दे दिया.

**प्रशासनिक अधिकारियों के भी किए जा चुके हैं तबादले**-इस तबादला सूची में मुख्यमंत्री सुरक्षा में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ अजय पांडे को भी हटा दिया गया है. उनके स्थान पर विदिशा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है. पुलिस अधिकारियों से पहले प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले की सूची भी जारी हो चुकी है. मुख्यमंत्री निवास पर प्रशासनिक काम संभालने वाले अधिकारियों की भी दूसरे स्थान पर पोस्टिंग हो चुकी है जबकि नए अधिकारियों को मौका मिल चुका है. मुख्यमंत्री के पास गृह विभाग का अतिरिक्त चार्ज है, इसलिए कुछ आईपीएस अधिकारियों की जिम्मेदारी में परिवर्तन की संभावनाएं कई दिनों से चल रही थी. बताया जा रहा है कि अभी गृह विभाग में ओएसडी के पद पर एक और आईपीएस अधिकारी की नियुक्ति होना शेष है.

## अयोध्या पहुंचने के लिए चलाई जाएंगी स्पेशल ट्रेनें, श्रद्धालुओं के लिए क्या है रेलवे का मेगा प्लान?



अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर के शिलान्यास और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए इंडियन रेलवे भी विशेष व्यवस्थाएं करेगा. रेल प्रशासन इसके लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं को अयोध्या पहुंचाने के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है. रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन जय वर्मा सिन्हा का कहना है कि इसका प्लान जल्द शेयर किया जाएगा.यहां बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर का शिलान्यास और रामलाल की प्राण-प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने जा रहे हैं. इस ऐतिहासिक धार्मिक समारोह में भाग लेने के लिए देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है. श्रद्धालुओं को अयोध्या लाने और वापस ले जाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी रेलवे की होगी. इसके लिए रेलवे द्वारा बड़े पैमाने पर स्पेशल ट्रेन चलाई की जानकारी मिल रही है.रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन जया वर्मा सिन्हा से मंगलवार (9 जनवरी) से जबलपुर में पत्रकारों ने अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने से जु?ा सवाल किया तो कहा कि, ÷सभी जानकारी समय पर शेयर कर दी जाएगी. उसका एक लंबा-चौ?ा प्रोग्राम है. वो पूरे भारत देश के हरेक कोने से कोशिश की जा रही है कि जो श्रद्धालु जाना चाहते है,उन्हें कैसे जाने की सुविधा मिल जाये. वो सब हम आपको शेयर कर देंगे. जब फाइनल हो जाएगा तब आपको शेयर कर लेंगे.यहां बताते चलें कि अयोध्या में भव्य रेलवे स्टेशन भी तैयार किया गया है, जिसका लोकार्पण पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था. इस दौरान कई शहरों से अयोध्या के लिए वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई गई थी. पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर से जुड़े आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रेलवे बोर्ड द्वारा अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या का अनुमान लगाया जा रहा है.

## जबलपुर में धान खरीदी में बड़ा फर्जीवाड़ा, 2 गोदामों में मिली एक लाख से ज्यादा खराब धान की बोरियां

मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में हर रोज धान खरीदी में गोलमाल उजागर हो रहा है. मंगलवार (9 जनवरी) को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने दो वेयर हाउस में सवा लाख बोरी खराब धान पकड़ा. सैंपलिंग के दौरान दोनों वेयर हाउस में कई बोरियों में रखा धान मिक्स पाया गया है, जबकि कई में नॉन एफ.ए.क्यू धान रखा पाया गया था. हैरानी की बात यह है कि दोनों वेयर हाउस को धान खरीदी की अनुमति भी नहीं मिली थी. इसके बावजूद उनके गोदाम में सरकारी बारदाने में किसानों के धान रखे मिले.खाद्य एवं नागरिग आपूर्ति विभाग द्वारा भोपाल से भेजे गये अधिकारियों और सर्वेयरों की टीम ने एसडीएम अभिषेक सिंह की मौजूदगी में शहपुरा स्थित उन दो गोदामों के भीतर रखे धान के सैंपल लिए, जहां खरीदी केंद्र नहीं बनाये जाने के बावजूद बड़ी मात्रा में धान का भंडारण पाया गया. प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सी एस जादौन ने बताया कि आधिकारियों और सर्वेयर की टीम ने कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर शहपुरा तहसील के अंतर्गत खमदेही स्थित प्रमोद कुर्मी वेयर हाउस और बलराज वेयर हाउस के भीतर स्टेकिंग कर रखे गए धान के सैंपल लिए हैं.



**सैंपल रिपोर्ट आने के बाद होगी कड़ी कार्रवाई**-उन्होंने बताया कि प्रमोद कुर्मी वेयर हाउस में 76 हजार बोरियों में धान का स्टेक लगाया गया था. इसी प्रकार बलराम वेयर हाउस में 48 हजार बोरियों में धान की स्टेकिंग की गई है. प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक जादौन के मुताबिक सैंपल लेने के दौरान दोनों वेयर हाउस में कई बोरियों में रखे धान मिक्स पाए गए है. कई बोरियों में नॉन एफ.ए.क्यू धान रखा पाया गया. उन्होंने बताया कि सर्वेयरों द्वारा लिए धान के सैंपल जांच रिपोर्ट में यदि अमानक धान पाए जाते है या कोई गंभीर अनियमितता पाई जाती है तो वेयर हाउस संचालकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी. इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है.

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा में नहीं शामिल होंगे शिवराज सिंह चौहान, समारोह को लेकर क्या बोले कमलनाथ?

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने अयोध्या नहीं जाएंगे. उन्होंने कहा है कि ÷22 जनवरी को ओरछा के राम राजा सरकार के मंदिर जाकर रामधुन गाएंगे.÷ इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी कहा है कि ÷राम मंदिर का पट्टा बीजेपी के पास नहीं है. यहां बताते चलें कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर और रामलाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा. इस वक्त देश भर में चर्चा है कि किस-किस को इस अविस्मरणीय अवसर के लिए मंदिर निर्माण



ट्रस्ट की ओर से अयोध्या आकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण मिला है. इसी बीच मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर एक वीडियो संदेश में कहा है कि ÷वह 22 जनवरी को अयोध्या की बजाय ओरछा में राम राजा सरकार के सामने रामधन जाएंगे.÷शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि, ÷22 जनवरी देश के लिए भावुक पल है. ऐसे में सभी की इच्छा अयोध्या जाने की है, लेकिन प्रधानमंत्री ने उस दिन अयोध्या नहीं आने की अपील की है. इसलिए अयोध्या न जाकर ओरछा जाने का निर्णय लिया है. रामराजा सरकार मंदिर में पूजन कर रामधुन गाऊंगा. वहीं से अयोध्या की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का साक्षी बनूंगा.÷

**राम मंदिरा का पट्टा बीजेपी के पास नहीं**-दो दिवसीय प्रवास पर छिंदवाड़ा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी. मीडिया से बातचीत करते हुए कमलनाथ ने कहा कि, ÷राम मंदिर सबका है. सवाल खड़ा करने का कोई विषय नहीं है, किसी को इसका श्रेय नहीं लेना चाहिए.

## मध्य प्रदेश में ठंड का कहर, इस तारीख तक 10 बजे से पहले नहीं खुल सकेंगे स्कूल, आदेश जारी

मध्य प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है. शीतलहर और प्रतिकूल मौसम को देखते हुये राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों के खुलने को लेकर एक अहम आदेश जारी किया है. इस आदेश के मुताबिक, प्रदेश में सुबह से संचालित होने वाले सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों को 20 जनवरी तक सुबह 10 बजे से शुरू करने का आदेश जारी किया है. मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग का ये आदेश तत्काल प्रभाव से सभी स्कूलों पर लागू होगा.प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों और जिला अधिकारियों को प्रेषित आदेश में कहा कि गया है कि ऐसे सभी शासकीय और अशासकी स्कूल जो सुबह में जल्दी खुलते हैं, वह सुबह 10 बजे से संचातिल होंगे. सोमवार (8 जनवरी) को जारी इस आदेश में कहा गया है कि ये आदेश उन स्कूलों पर भी लागू होगा जहां पर दो पालियों में क्लास होती है, कड़ाके की ठंड को देखते हुए उन स्कूलों में स्कूल सुबह 10 बजे से संचालित किए जाएंगे.



## उनको प्रायश्चित के लिए बिना निमंत्रण राम मंदिर.., उमा भारती की कांग्रेस और वामपंथियों को सलाह



भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मंगलवार को कांग्रेस और वाम दलों पर राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान 'विषाक्त माहौल' बनाने का आरोप लगाया. उन्होंने साथ ही सलाह दी कि कांग्रेस और वामदलों के नेताओं को 'प्रायश्चित' के तौर पर बिना निमंत्रण के अयोध्यामें बन रहे राम मंदिर में जाना चाहिए.राम मंदिर आंदोलन की हिस्सा रहीं उमा भारती ने उन दिनों को याद करते हुए कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा हिंदुओं और मुसलमानों दोनों को खुश रखने की कोशिश के कारण अंततः छह दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचे का विध्वंस हुआ. पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''इन वामपंथियों और कांग्रेसियों ने उस समय विषाक्त माहौल बनाया. अब जब वे कहते हैं कि हमें (22 जनवरी को राम मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण नहीं मिला है, तो मैं कहूंगी कि आपका सबसे बड़ा प्रायश्चित यह होगा कि आप बिना निमंत्रण के वहां जाएं, सरयू नदी में डुबकी लगाएं और भगवान राम के सामने खड़े होकर कान पकड़कर क्षमा मांगे.''

**उमा भारती ने किया ये दावा**-भारती ने दावा किया कि 1949 में रामलला के 'प्रकट' होने से पहले भी अयोध्या के विवादित ढांचे में नमाज नहीं पढ़ी जाती थी. उन्होंने कहा, ''उस समय, (तत्कालीन प्रधानमंत्री) नेहरू ने मुसलमानों को खुश करने के लिए परिसर को बंद करने और हिंदुओं को खुश करने के लिए सुबह और शाम पूजा की अनुमति देने का फैसला किया. नेहरू द्वारा हिंदुओं और मुसलमानों दोनों को खुश रखने के लिए शुरू की गई परंपरा छह दिसंबर को ढांचा विध्वंस का कारण बनी.'' भारती ने कहा कि इस परंपरा के कारण कांग्रेस दुविधा में है क्योंकि उसकी राम या राम राज्य में कोई आस्था नहीं है और उसे मुसलमानों की भी चिंता नहीं है बल्कि वह केवल वोट चाहती है.

**उन्होंने राम और राम-सेतु के अस्तित्व को नकार दिया- उमा भारती**-उन्होंने कहा, ''उन्होंने राम और राम-सेतु के अस्तित्व को नकार दिया ....और वे इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकते क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस सरकार का हलफनामा है जिसमें कहा गया कि राम काल्पनिक थे.'' बीजेपी नेता ने यह भी दावा किया कि राम मंदिर आंदोलन में भाग लेने वाले कारसेवक शांत थे लेकिन उन्हें बिना किसी चेतावनी के सिर और सीने में गोली दाग दी गई. उन्होंने सवाल किया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने इस तथ्य को नजरअंदाज क्यों किया और मुलायम सिंह यादव (तत्कालीन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री) और पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा क्यों नहीं शुरू किया.भारती ने कहा कि मथुरा और काशी में धार्मिक स्थलों से संबंधित विवाद अदालतों के समक्ष हैं, लेकिन अयोध्या की तरह, मथुरा और काशी भी हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण स्थान हैं.

## आज राष्ट्रपति देंगे स्वच्छता सर्वेक्षण अवॉर्ड, इंदौर से दिल्ली पहुंचे मेयर पुष्यमित्र भार्गव

नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छता अवॉर्ड समारोह आज यानी गुरुवार 11 जनवरी को आयोजित होगा. इंदौर का स्वच्छता अवॉर्ड लेने महापौर पुष्यमित्र भार्गव इंदौर से दिल्ली पहुंच गए हैं. कैलाश विजयवर्गीय ये घोषणा पहले ही कर चुके हैं कि इंदौर सातवीं बार स्वच्छता में नंबर वन बनने जा रहा है और इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण इंदौर में 6 स्थानो पर किया जाएगा.

**होगा लाइव टेलीकास्ट**-स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत आज 11 जनवरी 2024 को सुबह नई दिल्ली में राष्ट्पति द्रोपदी मुर्मु द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में देश के सबसे स्वच्छ शहरों को पुरस्कारो का वितरण किया जाएगा. राष्ट्पति द्वारा देश के स्वच्छ शहर को स्वच्छता का अवॉर्ड देते समय दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का शहर के प्रमुख स्थानों पर एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा. जिनमें राजबाड़ा, 56 दुकान परिसर, मेघदूत उपवन, रणजीत हनुमान मंदिर परिसर, बड़ा गणपति चौराहा, नगर निगम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सफाई मित्र की उपस्थिति में लाइव प्रसारण होगा.



दिल्ली जाने से पहले महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता का सातवां आसमान फिर छाएगा इस संकल्प के साथ ही पिछले एक साल से शहर की जनता, जनप्रतिनिधियों और निगम के सफाई मित्र और अन्य कर्मचारी अधिकारी के सहयोग से उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इंदौर स्वच्छता का सातवां आसमान जरूर छुएगा और स्वच्छता में हमेशा की तरह इंदौर नंबर वन रहेगा. स्वच्छ सर्वेक्षण में इंदौर पिछले 6 वर्षो से लगातार स्वच्छता में नंबर वन है.

# खरगोन पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

## खेत मे अवैध गांजे की खेती करने पर प्रकरण पंजीबद्ध ,अवैध गांजे के 70 हरे पौधे वजनी 101 किलोग्राम जप्त ,कुल जप्तशुदा हरे पौधे अनुमानित कीमत लगभग 2,31,000/- रुपये

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

### भारी मात्रा मे अवैध गांजे के पौधे जप्त

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वालों के विरुध्द लगातार कार्यवाही की जा रही है । खरगोन पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ विक्रेता पर लगातार निगाह रखते हेतु वरिष्ट अधिकारियों द्वारा इसकी रोकथाम विशेष अभियान चलाने के संबंध मे निर्देशित किया गया है । उक्त अभियान के चलते अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब एवं अवैध गतिविधियों आदि पर जिला खरगोन मे पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर अंकुश लगाया जा रहा है ।उक्त निर्देशो के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्ड़त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियो को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है । जिसके परिणामस्ड़वरूप एसडीओपी मंडलेश्वर के मार्गदर्शन मे थाना मंडलेश्वर की पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की खेती करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की गई है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**-दिनांक 10.01.2024 को थाना मंडलेश्वर पर मुखबिर से सूचना प्राप्ड़त हुई कि, ग्राम गाडरिया में मंगलसिंग पिता गजानंद भील ने कपास और मक्का कि फसल में बोई हुई है, जिसमें थोडी-थोडी दुरी पर अवैध गांजे के भी पौधे लगे हुये है । मुखबिर की सूचना पर तड़वरित कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधिकारी श्री मनोहरसिंह गवली के मार्गदर्शन व




थाना प्रभारी मंडलेश्वर उनि श्री दीपक यादव के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर के बताए स्ड़थान ग्राम गाडरिया में मंगलसिंग पिता गजानंद भील के खेत पर पहुंची जहां पुलिस टीम को एक व्यक्ति दिखाई दिया जो पुलिस को देख कर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया ।पकड़ मे आए व्यक्ति ने अपना नाम मंगलसिंग पिता गजानंद गिरवाल जाति भील उम्र 50 साल निवासी गाडरिया पंचायत सिरस्या का होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा गांजे की खेती की तसदिग के लिए खेत मे घूम कर देखा तो अवैध गांजे के हरे पत्ड़तेदार पौधे पाये गये । पुलिस टीम के द्वारा मंगलसिंह से गांजे के पौधे लगाने के संबंध मे वैध दस्तावेज के बारे मे पूछने पर उसके द्वारा इस संबंध मे कोई दस्तावेज नहीं होना बताया । पुलिस टीम व पंचागो की मदद से मौके से कुल 70 नग वजनी 101 किलोग्राम को जप्ड़त करने मे पुलिस को सफलता प्राप्ड़त हुई ।

आरोपी मंगलसिंग का कृत्ड़य अपराध धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ड़ट के अन्ड़तर्गत दंडनीय होना पाया जाने से आरोपी मंगलसिंग के विरूद्ध थाना मंडलेश्वर पर अपराध क्रमांक 10/2023 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ड़ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है ।

**जप्तशुदा मशरुका**

1.कुल 70 नग वजनी 101 किलोग्राम कीमत लगभग 2,31,000 रूपये ।

**पुलिस टीम**-उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग मंडलेश्वर श्री मनोहर सिंह गवली एवं थाना प्रभारी मंडलेश्वर उनि श्री दीपक यादव के नेतृत्व मे सउनि मुकेश यादव, सउनि कैलाश पाटीदार ,प्रआर.634 दिनेश , प्रआर धर्मराज, आर.532 शैलेन्द्र आर.765 दीपक बैरागी, मआर.815 सरिता, आर.945 धर्मेन्द्र, आर. भगवान, आर.554 विजय व आर.350 अनुराग का विशेष योगदान रहा ।

# कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा के यहां हुआ रात्रि विश्राम

उमाकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे भिण्ड। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री जीतू पटवारी एवं पूर्व मंत्री व विधायक जयवर्धन सिंह का भिंड जिले में उप नेता प्रतिपक्ष के साथ आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम से दिग्गज नेताओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं आपको बता दें की कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जीतू पटवारी वह जयवर्धन सिंह भिंड में कांग्रेस की परंपरा व कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाने के लिए इन लोगों का रात्रि विश्राम कांग्रेस पार्टी के सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा के यहां हुआ।तथा भोजन व्यवस्था अनुसूचित जाति के अध्यक्ष गोयल के यहाँ किया गया।संदीप मिश्रा वैसे तो कांग्रेस के सेवादल के अध्यक्ष हैं और पार्टी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है आपको बता दे की मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री जीतू पटवारी वह विधायक जयवर्धन सिंह का मध्य प्रदेश के उपनेता प्रतिपक्ष के साथ भिंड नगर में प्रथम नगर आगमन पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं रात्रि विश्राम भिंड में ही हुआ कांग्रेस की परंपरा व कार्यकर्ताओं के सम्मान बढ़ाने के लिए यह प्रथा है कि पार्टी का किसी भी स्तर का व्यक्ति उनके लिए एक समान है।इसी क्रम में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संदीप मिश्रा के यहाँ रात्रि विश्राम किया।तथा कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के यहाँ मुलाकात के लिए पहुँचे।



### महेंद्र मुणोत को किया सम्मानित



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू। कन्नडा युवक संघ विजयनगर द्वारा कन्नडा हब्बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने राष्ट्रकवि कुव्हेंपू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपने वक्तव्य में कहा कर्नाटक की संस्कृति एवं भाषा पर हमें गर्व है और यह हमारा कर्तव्य है कि हम यहां की भाषा एवं संस्कृति के संवर्धन का प्रयास करें। संघ के अध्यक्ष सुनील एवं अन्य सदस्यों ने मुणोत को सम्मानित किया

# सीरवी समाज होसूर वडेर में अक्षत कलश का हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

होसूर । श्री सीरवी समाज बडेर होसूर में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में निर्माणाधीन राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण पत्र पीले चावल सहित श्री सीरवी समाज बडेर होसूर पहुंचने पर प्रवासी बंधुओं में खुशियां छा गई। निमंत्रण पत्र के आगमन के समय समाज के प्रतिष्ठित बंधुओं सहित काफी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे । उपस्थित राम भक्तों ने विश्व हिन्दू परिषद पत्रिका वितरण दल का भव्य स्वागत किया एवं जय श्री राम के नारों से बडेर भवन को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व कोषाध्यक्ष भंवरलाल सेपटा, पुजारी भीकाराम, समाजसेवी दलाराम गहलोत, हेमाराम गहलोत एवं सूचना मंत्री लक्ष्मण राम परिहारिया सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे



# स्नेहा इवेंट एंड मैनेजमेंट द्वारा विंध्य आइकॉनिक बिजनेस अवॉर्ड से सम्मानित होंगे, मोहम्मद अल शगील, शिरीन

## कम उम्र से ही गरीबों और जरूरतमंदों की मदद में जुटे ये बच्चे, पढ़ाई और खेलकूद में भी अव्वल

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना,मध्यप्रदेश।। जवाहर नगर मैत्री उन्नति कॉलोनी के रहने वाले नन्हे फरिश्ते, मुहम्मद अल शगील और शीरीन खान आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। इन बच्चों ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिनकी शराहना आज हर कोई करता है।इन बच्चों ने काफी कम उम्र से ही समाज सेवा का बीड़ा उठा रखा है। ये जो भी पॉकेट मनी मिलती है, उसे जोड़कर गरीबों और जरूरतमंदों की मदद में खर्च करते आ रहे हैं। इनको समाज सेवा की इतनी जुनून है कि चाहे कड़कती हुई धूप हो, या बाढ़ हो या कोई भी ऐसी आपदा जिसमे ये दोनों नन्हे फरिश्ते वहां सेवा करते देखे जा सकते हैं।इन बच्चों ने अपने समाज सेवा के




कार्यों से कई लोगों का जीवन बदल दिया है। ये बच्चों ने कई गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए मदद की है। उन्होंने कई जरूरतमंद परिवारों को भोजन और कपड़े प्रदान किए हैं। उन्होंने कई बाढ़ पीड़ितों की मदद की है।समाज सेवा के क्षेत्र के अलावा ये दोनों बच्चे पढ़ाई और खेलकूद में भी अव्वल हैं। मुहम्मद अल शगील जहां तैराकी में नेशनल खेल चुके हैं, वही शिरीन खान मैराथन में 5 किलोमीटर की दौड़ लगा चुकी हैं।इन दोनों बच्चों ने यह साबित कर दिया है कि उम्र कोई बाधा नहीं है। अगर मन में इच्छाशक्ति हो तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। इन बच्चों से प्रेरित होकर कई अन्य बच्चे भी समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आ रहे हैं।

**कोरोना काल में भी इन बच्चों ने लोगों को प्रेरित किया**-कोरोना काल में इन बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए वीडियो से काफी प्रेरित किया। इन वीडियो में उन्होंने लोगों को कोरोना से बचाव के उपायों के बारे में बताया। इनका वीडियो पूर्व मुख्यमंत्री ने भी ट्विट किया था।

**समाज सेवा के लिए हो चुके है सम्मनित**-जवाहर नगर के इन नन्हे फरिश्तों, मुहम्मद अल शगील और शीरीन खान को समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई बार सम्मानित किया जा चुका है। ये दोनों बच्चे समाज के लिए एक प्रेरणा हैं।अल शगील और शीरीन खान दो ऐसे बच्चे हैं, जिन्होंने कम उम्र में ही समाज सेवा के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है। ये बच्चे समाज के लिए एक प्रेरणा हैं।


# कार्यालय नगर परिषद रन्नौद जिला शिवपुरी म.प्र.

E-mail : cmorannod@mpurban.gov.in Pin-473781

क्रमांक/न0प0/DAY-NULM/2024/33 रन्नौद दिनांक : 10/01/2024

**दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन**

**// अधिसूचना //**

नगर परिषद रन्नौद के अंतर्गत पंजीकृत पथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर के पथ पर विक्रय करने वालो को जीविका का संरक्षण और पथ विक्रय विनिमय अधिनियम नियम म.प्र. पथ विक्रेता ( जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनिमय ) नियम 2017 का गठन किया जाना है। जिसके लिये निकाय में पंजीकृत इच्छुक पथ विक्रेताओं से सदस्य पद हेतू आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने है प्राप्त आवेदनों से समिति में पथ विक्रेताओं के सदस्यों को निर्वाचित किया जाना है।

| सामान्य | | अन्य पछडा वर्ग एवं दिव्यांग | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला |
| 01 | 02 | 01 | 02 | 01 | 02 | 01 | 01 |

उपरोक्त निर्वाधिक किये जाने वाले कुल सदस्यो मे से कम से कम एक तिहाई सदस्य महिला होगी निर्वाधन हेतू कार्यक्रम निम्नअनुसार किया जाता है।

| क्र | निर्वारित निर्वाचन कार्य क्रम विवरण | दिनांक | समय सारणी |
|---|---|---|---|
| 1 | पथ विक्रेताओं की सूची प्रकाशन | 11.01.2024 | प्रातः 11 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| 2 | पथ विक्रेताओं की सूची के संबंध में दावे आपत्ती आमंत्रण तिथि | 12.01.2024 | प्रातः 10 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| 3 | फाइनल सूची का प्रकाशन तिथि | 15.01.2024 | प्रातः 11 बजे से सायं 4.00 बजे तक |
| 4 | नगर विक्रय समिति के निर्वाचित सदस्यो का नामांकन पत्र भरने तिथि | 16.01.2024 | दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक |
| 5 | नामांकन पत्र वापसी की अंतिम तिथि | 17.01.2024 | दोपहर 01 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक |
| 6 | नामांकन पत्रो की जांच करने की तिथि | 18.01.2024 | दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक |
| 7 | मतदान की नियत तिथि | 19.01.2024 | प्रातः 10 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| 8 | मतगणना एवं निर्वाचित सदस्यों की घोषणा तिथि | 22.01.2024 | प्रातः 11 बजे से अतं तक |

नामांकन पत्रो के साथ प्रतिभूती राशि 500 रूपये जमा करानी होगी यदि कुल मतदान का 1/6 वोट प्रतिनिधि को नही मिलते है तो प्रतिभूती राशि जप्त कर ली जायगी विस्तृत जानकारी हेतू नगर परिषद रन्नौद के कार्यालय में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद रन्नौद**
**जिला शिवपुरी**


# बाणसागर क्रिकेट टूर्नामेंट अबेर सीजन-5 का 16 से शुभारंभ

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



सतना। रामपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत अबेर में बाणसागर क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-5 का शुभारंभ बाणसागर विद्युत मंडल के मैदान में 16 जनवरी को होगा। समिति के संरक्षक सूरजभान सिंह ने बताया, बाणसागर क्रिकेट मैदान में होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में संभाग स्तर की 16 टीमें भाग लेती हैं, विजेता टीम को 31 हजार रुपए नगर और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया जाता है, मैच 20-20 ओवर के होंगे, प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच दिया जाता है।समिति इस प्रकार है, संरक्षक सूरजभान सिंह अध्यक्ष एड. उपेंद्र सिंह कार्यक्रम व्यवस्थापक चक्रधर सिंह वीरू सचिन शिव प्रताप सिंह उपाध्यक्ष अभयराज रावत सहसचिव श्रीमती विमला सिंह कोषाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह खेल प्रभारी श्रीधर सिंह गुड्डा सहखेल प्रभारी इंजी. विकास सिंह, संदीप सिंह मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, सत्येंद्र सिंह सहमीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह, नरेंद्र पांडे, ग्राउंड अंपायर सत्येंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, दानवीर सिंह, कॉमेंटेटर रघुबेन्द्र सिंह, प्रतीक सिंह, अनिकेत सिंह, कमलेन्द्र सिंह स्कोरआर संदीप सिंह, नीरज सिंह, अतुल सिंह स्वास्थ्य व्यवस्था डॉ. सर्वेश सिंह, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. सत्येंद्र सिंह ग्राउंड प्रभारी रवि सिंह, धीरू अग्निहोत्री, संतोष साकेत, ज्ञान सिंह, मभरण साकेत, प्रवीण सिंह, पहलाद साकेत, सागर गुप्ता, राजा रावत, मार्गदर्शक बालकृष्ण त्रिपाठी, अर्जुन सिंह शिक्षक, सतेंद्र सिंह पुलिस, सत्यवान सिंह, एड. राजेंद्र सिंह, मनोज सिंह, डॉ. अशोक सिंह, मृगेंद्र सिंह, पंकज गौतम, पुष्पराज सिंह शिक्षक, अरुण सिंह, विक्रम सिंह, अरविंद अग्निहोत्री, समयलाल सिंह, गौरी शंकर गुप्ता, समीप सिंह, महेंद्र सिंह, सुखीनंद सिंह, रामधन सिंह, विपिन सिंह, गोलू सिंह, आकाश सिंह, रोहित, गोलू, अर्जुन, पुष्पेंद्र, दीपक, अंकित, आयोजन श्रीमती अन्नू-कमलेश सिंह सरपंच ग्राम पं. अबेर सहित इस टर्नामेंट को आसमान की ऊंचाइयों में ले जाने वाले सभी सम्माननीय पदाधिकारी दर्शक दीर्घा मनोबल बढ़ाने वाले सभी सम्माननीय कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे।

# खाद्य विभाग ने होटल ढाबों से जप्त किए 11 घरेलू गैस सिलेंडर

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में खाद्य विभाग के दल ने गत दिवस बुधवार को खरगोन शहर में घरेलू गैस के दुरूपयोग को रोकने के लिए होटल ढाबों का निरीक्षण कर गैस सिलेंडर जप्त किए। खाद्य विभाग के दल ने निरीक्षण के दौरान मेसर्स जोधपुर स्वीट्स खरगोन से 05 गैस सिलेंडर, मेसर्स इंदौर ढाबा खरगोन एवं मेसर्स होटल महागुरू ढाबा खरगोन से 02-02 गैस सिलेंडर तथा मेसर्स व्हीआइपी ढाबा खरगोन और मेसर्स हरियाणा जलेबी कार्नर खरगोन से 01-01 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। विभाग ने निरीक्षण के दौरान घरेलू गैस का उपयोग कर रहे 05 प्रतिष्ठानों से 11 गैस सिलेंडर 24200 रुपए कीमत के जप्त किए हैं। 05 होटल संचालकों द्वारा घरेलू गैस का दूरुपयोग अवैध संग्रहण एवं व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। होटल संचालकों द्वारा किया उक्त कृत्य द्रविकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लघंन होकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध होने से प्रकरण तैयार किये गये। जांच के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री हेमन्त मण्डलोई, श्री रविन्द्र सिंह ठाकुर एवं श्री विरेन्द्र सिंह चौहान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उपस्थित थे।

# उप परियोजना संचालक ने लिया सीवरेज और जल प्रदाय परियेजनाओं का जायजा



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

नगरीय विकास एंव आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के उप परियोजना संचालक तकनीकी श्री विजय कुमार गुप्ता ने खरगौन जिले की बडवाह, सनावद और महेश्वर सीवरेज परियोजनाओं व कसरावद और करही जल प्रदाय परियोजनाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। श्री गुप्ता ने सनावद में लाइन बिछाने के बाद खोदी गई सडकों की मरम्मत शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कसरावद,बडवाह व करही परियोजना में नेटवर्क व कनेक्शन के कार्यो में गति लाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों से परियोजना के संबंध में चर्चा भी की। श्री गुप्ता के साथ खरगौन इकाई के परियोजना प्रबंधक श्री प्रमोद गढवाल, परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म के विशेषज्ञ और संविदाकार के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। विभाग के पीआरओ श्री रितेश दुबे ने बताया कि महेश्वर में विश्व बैंक के सहयोग से व बडवाह, सनावद, कसरावद और करही में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से कार्य किया जा रहा है।

# आवंटित भूमि की खरीद बिक्री करने पर होगी सख्त कार्यवाही- नपा सीएमओ

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

श्री नवग्रह मेला वर्ष 2024 के लिए मेला आयोजन 10 जनवरी से 20 फरवरी 2024 तक की अवधि के लिए आयोजित किया जा रहा है। मेला भूमि आवंटन प्रक्रिया 10 जनवरी 2024 से प्रारंभ हो चुकी है जो 15 जनवी तक जारी रहेगी। इसके पश्चात नये व्यापारियों के आवेदन प्राप्त कर भूमि का आवंटन किया जाएगा। नगरपालिका सीएमओ श्री एमआर निगवाल ने बताय ।कि प्रायः देखने में आया है कि, व्यापारियों के द्वारा भूमि आवंटन कराये जाने के पश्चात आवंटित भूमि की खरीद फरोख्त की जाने की शिकायते प्राप्त होती है। यदि इस प्रकार का कृत्य पाया जाता है तो तत्काल आवंटित भूमि निरस्त कर त्रुटीकर्ता के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।मेला अधिकारी श्री महेश वर्मा द्वारा समस्त मेला व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने व्यवसाय के लिए स्वयं को आवंटित भूमि का किसी प्रकार से खरीद फरोख्त नही किया जावे तथा आवंटिती के द्वारा स्वयं अपनी दुकान आवंटित भूमि पर लगाकर संचालन किया जाए। अन्यथा आवंटित भूमि तत्काल निरस्त मानकर मौके से हटाकर अन्य आवेदक को भूमि का आवंटन किया जा सकेगा। इसके लिये कोई उजर मान्य नहीं किया जाएगा। समस्त व्यापारी अपनी आवंटित भूमि का उपयोग स्वयं के व्यवसाय के लिये किया जाकर की जाने वाली अषोभनीय कार्यवाही से बचे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम मदरी, बांस नदारत रहे सक्षम अधिकारी

## मामला गंगेव जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बांस सहित मदरी पंचायत का





**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**

।प्राप्त जानकारी के मुताबिक मनगवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा दिनांक 11 जनवरी 2024 को ग्राम मदरी, सहित ग्राम पंचायत बांस में पहुंची।ग्राम पंचायतों से हितग्राहियों द्वारा आवास योजना, वृद्धा पेंशन, उज्ज्वला योजना सहित अन्य मामलों को रखा कर्मचारियों के समक्ष।मनगवा विधायक नरेंद्र प्रजापति के ना पहुंचने से, मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे ने संभाली कार्यक्रम की अध्यक्षता।आपको बता दे मनगवा विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक नरेंद्र प्रजापति विधायक प्रशिक्षण होने के कारण भोपाल गए हुए थे जिस कारण कार्यक्रम में भाग नही ले पाए, वही भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अजय सिंह आज ग्राम पंचायत बांस में कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे लेकिन किसी अन्य कारण बस अपना दौरा रद्द किया।स्थानीय विधायक के न होने से अधिकारियों ने निचले कर्मचारियों के हाथों में पकड़ा दी थी विकसित भारत संकल्प यात्रा की कमान।विकसित भारत संकल्प यात्रा को देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में कार्यक्रम में महिलाएं पहुंची साथ ही कई बुजुर्ग सहित वरिष्ठ जन मौजूद रहेजिसमें सम्मानित व्यक्ति प्रभात अग्निहोत्री, ग्राम पंचायत बांस के सरपंच कमलेश पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र तिवारी, रविकांत अग्निहोत्री, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील पांडे, गौरव शुक्ला, पंचायत इंजीनियर प्रवीण पांडे, सहित अन्य जनता मौजूद रही।कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा दवाई छिड़काव हेतु लाया गया डोन का प्रदर्शन लोगों के बीच किया गया लेकिन इस ड्रोन की कीमत जानने में कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि इसकी कीमत 8 लाख है जिस पर 25 से 50 परसेंट तक की सब्सिडी मिल सकती है। इसके बीच भी उपस्थित किसानों द्वारा इस डोन के प्रति अपनी रुचि नहीं दिखाई, चुकी सब्सिडी के बाद भी यह राशि बहुत ज्यादा है ऐसा उपस्थित किसानों द्वारा बताया गया,आपको बता दे इस समय कृषि विभाग द्वारा इस ड्रोन का जहां-जहां यह यात्रा जा रही है वहां वहां इसका प्रदर्शन किया जा रहा है वैसे देखा जाए तो ड्रोन से यदि दवाई का छिड़काव कृष क्षेत्र में किया जाएगा तो किसान को फायदा है लेकिन किसान की पहुंच से ज्यादा सब्सिडी के बाद भी खरीदारी में रुचि नहीं दिखाई।।

# DSP हिमाली पाठक ने किया चैन स्नैचिंग घटना स्थल का निरीक्षण

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**



बाईक सवार बदमाशो ने महिला के साथ की चैन स्नैचिंग,,, पति के साथ स्कूटी में सवार हो कर जा रही थीं घर,,, रतहरा कोष्टा के पास अज्ञात बाईक सवार बदमाशो ने छीना बैग,,, बैग में था नगदी सहित मोबाईल,,, इस दौरान गिरने से महिला हुई गम्भीर रुप से घायल,,, बीती शाम की घटना,, शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तालाश में जुटी,,, DSP हिमाली पाठक ने किया घटना स्थल का निरीक्षण,,,, लोगो से जानकारी जुटाने सहित खंगाले जा रहें सीसीटीवी फुटेज,,,रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र की घटना।

# कलेक्टर ने जिले में संचालित सिंचाई योजनाओं की समीक्षा की

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा जिले में संचालित सिंचाई परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। त्योंथर फ्लो के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस परियोजना में शीघ्र ही 40 किमी तक पानी पहुंचाया जाकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी शेष 13 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिये कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि नहरों, माइनर नहरों तथा अन्य सिंचाई सुविधाओं में किसी भी प्रकार की बाधा डालने वालों के विरूद्ध सख्ती से निपटें तथा ऐसे प्रकरण पुलिस को सौंपे।कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में त्योंथर माइक्रो सिंचाई परियोजना की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि 159 किमी के विरूद्ध 41 किमी तक नहर लाइनिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। इससे 52 गांवों के किसानों को पानी मिलेगा। इसी प्रकार लोनी एवं सिरमौर परियोजना का टेण्डर लगाया जा चुका है जबकि पनवार एवं महाना परियोजनाओं का कार्य प्राथमिक चरण है। इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने पर संपूर्ण त्योंथर क्षेत्र आगामी वर्षों में शत-प्रतिशत सिंचित हो जायेगा। बहुती सिंचाई परियोजना में सीडब्ल्यूसी की क्रासिंग तथा एक्वाडक्ट निर्माण के प्रगति से विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया। कलेक्टर ने सेमरिया सिंचाई परियोजना की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में तीन दिनों में सीएम हेल्पलाइन के 2536 प्रकरण हुए निराकृत

# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें - कलेक्टर

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)**

।कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि पिछले तीन दिनों में सभी अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास किए। जिले में तीन दिनों में 2536 सीएम हेल्पलाइन प्रकरण निराकृत किए गए। इसी तरह के प्रयास लगातार जारी रखकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। जिले में 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान सभी राजस्व अधिकारी सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, खसरे में सुधार सहित राजस्व प्रकरणों से संबंधित सभी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराएं। सभी तहसीलदार पटवारी तथा राजस्व निरीक्षकों की हल्केवार ड्यूटी लगाकर राजस्व प्रकरणों के संबंध में प्रतिवेदन प्राप्त कर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। सही प्रतिवेदन दर्ज करते ही प्रकरण निराकृत हो जाएंगे। किसी भी स्थिति में लेबल-1 से सीएम हेल्पलाइन प्रकरण लेबल-2 में बिना कार्यवाही के न जाए। प्रकरणों के अनअटेंडड रहने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला प्रबंधक लोक सेवा रविकांत पाण्डेय ने बताया कि पिछले तीन दिनों में राजस्व विभाग ने 394, पीएचई ने 329, महिला एवं बाल विकास विभाग ने 242, विद्युत मण्डल ने 218, ग्रामीण विकास विभाग ने 217, पुलिस विभाग ने 190 तथा खाद्य विभाग ने 211 प्रकरणों का निराकरण किया। ग्रेडिंग जारी होने से पहले दिसम्बर माह के प्रकरण तथा 50 दिनों से अधिक से लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं जिससे जिले की ग्रेडिंग में सुधार हो सके। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आज होगा सूर्य नमस्कार

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिवस पर जिले के सभी स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह शासकीय उत्कृष्ट उमावि मार्तण्ड क्रमांक एक परिसर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। समारोह प्रात 8.30 बजे से आरंभ होगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी जीपी उपाध्याय ने बताया कि समारोह में 8.50 बजे मुख्य अतिथि का कार्यक्रम स्थल पर आगमन होगा। प्रात 9 बजे वंदे मातरम का सामूहिक रूप से गायन किया जाएगा। आकाशवाणी के माध्यम से राज्य स्तरीय समारोह का प्रसारण कार्यक्रम में किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अनुरूप सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन होगा। प्रात 10.30 बजे समारोह का समापन होगा।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हिन्दी में एमबीबीएस की समीक्षा की

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**



उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हिन्दी में एमबीबीएस का संचालन मध्यप्रदेश के छात्रों के लिये महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप छात्रों को उनकी ही भाषा में उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु यह अभिनव प्रयास किया गया है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश हिन्दी भाषा में एमबीबीएस की शिक्षा प्रदान करने वाला पहला राज्य है। मेडिकल पाठ्यक्रम को पड़ाये जाने वाली 16 भाषाओं में अब हिन्दी भी शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालन संबंधी कार्यक्रम की समीक्षा की।जनवरी अंत तक हिन्दी लिप्यंतरण द्वितीय एवं तृतीय चरण का कार्य हो जाएगा पूर्ण - बैठक में बताया गया कि अब तक प्रथम वर्ष के तीनों विषयों की पाठ्यपुस्तकें हिन्दी में उपलब्ध करा दी गयी हैं। द्वितीय एवं तृतीय चरण में आगामी वर्षों की पाठ्यपुस्तकों का हिन्दी लिप्यंतरण कार्य प्रगतिरत है। उल्लेखनीय है कि हिन्दी लिप्यंतरण कार्य के द्वितीय एवं तृतीय चरण में 12 विषयों की 13 पुस्तकों में से 9 पुस्तकें हिन्दी भाषा में उपलब्ध हो गयी हैं। शेष 4 पुस्तकें भी जनवरी माह के अंत तक पूर्ण कर ली जायेंगी।हिन्दी भाषा से एमबीबीएस पहल, छात्रों के लिए लाभप्रद सिद्ध हो रही है - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हिन्दी भाषा में एमबीबीएस पाठ्यक्रम का लाभ ले रहे छात्रों के फीडबैक के संबंध में जानकारी प्राप्त की। लगभग 10 प्रतिशत विद्यार्थी हिन्दी भाषा की पाठ्यपुस्तकों का लाभ ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आगामी सत्र से अंग्रेजी के साथ हिन्दी में भी प्रश्नपत्र तैयार करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। हर मेडिकल कॉलेज में हिन्दी प्रकोष्ठ 'मंदार' का गठन किया गया है।चिकित्सकों को समय से इनसेंटिव और दवाओं की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करें - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय, सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल आदि में चिकित्सकों को इनसेंटिव और अन्य हितलाभ समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। दवाओं एवं अन्य कंज्यूमेबल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सुनियोजित योजना बनाये। इन कार्यों के लिए बजट उपलब्धता प्राथमिकता से कराई जाए।

**हमीदिया में कैथ लैब संचालन की व्यवस्था करें** - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हमीदिया में कैथ लैब संचालन की समस्या पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिये कि शीघ्र संचालन की व्यवस्था करें। बैठक में अवगत कराया गया कि नई बिल्डिंग में कैथ लैब संचालन के लिए स्थान दिया गया है। जब तक नया ओपीडी ब्लॉक नहीं बनता तब तक कैथ लैब यहीं संचालित की जायेगी। जल्द ही लैब की शिफ्टिंग भी की जायेगी। इस दौरान अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मो. सुलेमान, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अरुण श्रीवास्तव, प्रोफेसर श्वसन चिकित्सा विभाग एवं राज्य नोडल अधिकारी हिन्दी प्रकोष्ठ डॉ. लोकेंद्र दवे, अधीक्षक हमीदिया एवं विषय नोडल हिन्दी प्रकोष्ठ डॉ. आशीष गोहिया सहित एसोसिएट प्रोफेसर ईएनटी विभाग और विषय नोडल हिंदी प्रकोष्ठ डॉ. यशवीर जेके, उप कुलसचिव एवं राज्य समन्वयक हिन्दी प्रकोष्ठ श्रीमती अमृता बाजपेयी तथा सलाहकार हिन्दी प्रकोष्ठ चिकित्सा शिक्षा श्रीमती रागिता अग्निहोत्री उपस्थित थे।

## आंगनवाड़ी भवन निर्माण में आ रही बांधाओं को दूर करें - कलेक्टर

# कुपोषित बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती करायें - कलेक्टर

**रीवा( पुष्पांजली टुडे)।**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर कराकर इनका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें तथा आंगनवाड़ी भवनों में विद्युत कनेक्शन के लिये विद्युत मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन आंगनवाड़ी में अधिक विद्युत बिल आया है उसमें सुधार कराकर विद्युत बिल जारी करें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे भी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने पोषण पुर्नवास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों के भर्ती होने में लक्ष्य के विरूद्ध कम प्रगति



पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिये कि प्राथमिकता से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती करायें इस कार्य में 70 प्रतिशत से कम प्रगति वाले सीडीपीओ का वेतन आगामी आदेश तक रोके जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। बैठक में कलेक्टर ने पोषण ट्रेकर एप में कार्यकर्ताओं को फोटो भेजने व अन्य गतिविधि के लिये प्रशिक्षण किये जाने की बात कही।

बैठक में कलेक्टर ने कार्य के प्रति लापरवाही पर जवा सीडीपीओ का वेतन आगामी आदेश तक रोकने तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना में 2023-24 में वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति कम होने पर रीवा ग्रामीण, सिरमौर तथा गंगेव के सीडीपीओ को नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं का समग्र सत्यापन, ईकेवायसी व डीबीटी कराने के निर्देश दिये। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करने तथा सीएस बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम में बच्चों की पहचान कराये जाने की बात कलेक्टर ने कही। इस दौरान बताया गया कि जिले में 808 आंगनवाड़ी केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन नहीं दिये गये हैं तत्काल कनेक्शन देने के निर्देश कलेक्टर द्वारा विभागीय अधिकारी को दिये गये। बैठक में महिला बाल विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कलेक्टर ने की तथा उनमें आपेक्षित प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, सहायक संचालक अनिल जैन, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी, परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह, परियोजना अधिकारी शेष नारायण मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में नेतृत्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने ग्वालियर रोड स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कीइस अवसर पर बोलते हुए संतोष त्रिपाठी ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात शास्त्रीजी को उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संतोष त्रिपाठी महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रेखा भदौरिया, राम हेतशाक्य पार्षद, रीना चौहान, कुलदीप भारद्वाज, दर्शन सिंह तोमर, अनूप शर्मा, मोहम्मद इरफान गम्मू, पवन चौरसिया गोपाल सविता हरिओम कटारे ,सुखप्रीत मिश्रा, सुनील बघेल, प्रदीप भदोरिया ,अवधेश सिंह, सुभाष कृपाराम, विशाल, अरविंद आदि उपस्थित रहे।

# प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 13 जनवरी को

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । आत्मनिर्भर म.प्र. निमार्ण के अन्तर्गत प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 13 जनवरी 2024 को प्रातः11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय किला परिसर भिण्ड में किया जाएगा।जिला रोजगार अधिकारी भिण्ड ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में वेरोजगार युवको/युवतियों की भर्ती हेतु तीन कंपनियों द्वारा भाग लिया जाएगा। जिसमें स्टेण्डर्ड कंपनी मालनपुर में ट्रेनी वर्कर हेतु योग्यता 10 से 12वीं पास उम्र 18 से 30 वर्ष, भारतीय जीवन बीमा भिण्ड में फील्ड ऑफीसर हेतु 10 से 12वीं पास उम्र 18 से 30 वर्ष, एवं चेकमेट सिक्योरिटी सर्विस ग्वालियर में सिक्योरिटी गार्ड हेतु 10वीं पास उम्र 18 से 30 वर्ष की भर्ती की जाएगी।

# धरमपुरा वार्ड के युवाओं नें घर घर जाकर बांटे अयोध्या धाम से आये अक्षत और मंदिर का चित्र



**रीतेश अवस्थी पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** समर्पण लेने आए थे, अब निमंत्रण देने भी आए हैंहर मंदिर को राममंदिर, हर मोहल्ला अयोध्या बनाएं।अयोध्या धाम में बन रहे निर्माधीण मंदिर को लेकर देश भर के लोगों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम का मंदिर लगभग अंतिम स्वरुप लेने को तैयार है अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम कि प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को एवं भव्य मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है इसी के उपलक्ष्य में सभी देश वासियों को अयोध्या धाम पधारने के लिए समस्त राम भक्त के द्वारा घर घर जाकर अक्षत और मंदिर का चित्र देकर 22 जनवरी को अपने घर में दीपक जलाकर खुशियां बनाने के लिए संदेश दिया जा रहा है वही धरमपुरा वार्ड 39 में समस्त राम भक्तो के द्वारा हर घर राम घर घर राम का नारा देकर अक्षत वितरित किए गए जिसमें वार्ड के राम भक्त, कुलदीप कुडेरिया, दीपक ठाकुर, लकी पटेल, टिंकू, राजकुमार, सौरभ प्रजापति के साथ वार्ड के समस्त राम भक्तों कि उपस्थिति रही।

## सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन आज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

# शा.उ. उमावि. क्र 02 में आयोजित होगा जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

**भिण्ड । स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस युवा दिवस पर 12 जनवरी को प्रातर 9 से 10 : 30 बजे तक शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी प्रातः 09 बजे से 10.30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस कार्यक्रम में सभी से उपस्थिति की अपील की गई है।**

## 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के तहत शहर में निकली भव्य संत यात्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

# गौरी सरोवर स्थित कालेश्वर महादेव मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर भाव जय श्री राम का उद्घोष करते हुए लोगों ने किया जगह-जगह पुष्प वर्षा , एवं आरती उतारी गई

भिण्ड। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्म भूमि अयोध्या में 22 जनवरी को वाली प्रभु श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा हेतु बृहद संत यात्रा का आयोजन किया गया।अयोध्या में श्रीराम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के तहत शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल भगवान भोलेनाथ के शिव शंकरों से स्थापित कालेश्वर मंदिर गोरी के किनारे साधु संत शामिल होकर जय जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए एकत्रित हुए सर्वप्रथम भगवान शंकर के शिव कालेश्वर मंदिर पर पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक करते हुए संत यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया।संत यात्रा नंबर एक स्कूल परेड चौराहा सदर बाजार गोल मार्केट किला गेट माधवगंज होते हुए कालेश्वर मंदिर पर समापन किया गया। शहर के मुख्य मार्गों पर संत यात्रा का नागरिकों एवं व्यापारियों एवं दुकानदारों एवं महिलाओं ने अपने दरवाजा पर स्वागत की थालियां सजाकर आरती उतारी और उन पर भव्य पुष्प वर्षा करते हुए संतों का अभिवादन किया।संत यात्रा में भगवान श्रीराम के के स्वरूप में रथ पर सवार बालिकाओं ने भगवान श्री राम लक्ष्मण और मां जानकी एवं हनुमान जैसे अनेक कलाकार के रूप में झांकियां भी प्रस्तुत की गई बंद बजे की धुन बजाते हुए शहर में भगवा ध्वज लेकर यात्रा आयोजित की गई जिसमें मातृशक्ति ने भी पीले वस्त्र धारण करते हुए अपने सिर पर कलश रखकर यात्रा में शामिल हुई।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त कोक सिंह नरवरिया एवं पूर्व जिला महामंत्री राम प्रकाश तिवारी श्रीमती माया नरवरिया उमा तिवारी ने अपने परिवार सहित निवास स्थान पर संत यात्रा की अगवानी करते हुए पुष्प वर्षा की और भगवान श्री राम की आरती उतार कर संतों का पुष्प हार पहना कर स्वागत किया।

## संपादक की कलम से

### लोकतंत्र के साथ सच्चा न्याय

30 जनवरी को हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव में पीठासीन अधिकारी की धांधली के कारण भाजपा को जीत मिली है, यह आरोप आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ने लगाए। मामला पहले पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा और वहां से राहत नहीं मिली तो फिर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया गया। सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड ने कहा, 'यह लोकतंत्र का मजाक है। जो हुआ, हम उससे हैरान हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह से हत्या नहीं होने दे सकते।' देश के मुख्य न्यायाधीश जिस बात पर हैरान थे, यानी लोकतंत्र का मजाक बनाने पर, लोकतंत्र की हत्या करने पर, उस पर विपक्ष समेत देश का एक बड़ा तबका बहुत लंबे वक्त से हैरान ही नहीं, परेशान भी है। लेकिन सोमवार को यह देखकर राहत मिली कि अब सुप्रीम कोर्ट को भी इस पर दुखद हैरानी हुई है। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की ओर से दाखिल की गई इस याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पदीर्वाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की बेंच कर रही थी। अपनी सख्त टिप्पणी में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ ने कहा कि- 'पीठासीन अधिकारी मतपत्र में बदलाव करते दिखे हैं। क्या ये एक रिटर्निंग ऑफिसर का बर्ताव होना चाहिए? वो कैमरे की ओर देखते हैं और मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। जिस मतपत्र के नीचे क्रॉस का निशान बना हुआ है, उसे ये ट्रे में रख देते हैं। जिस मतपत्र के ऊपर क्रॉस नहीं बना हुआ है, उसे ये बिगाड़ देते हैं और फिर कैमरे की ओर देखते हैं। इनसे बताइए कि सुप्रीम कोर्ट इन्हें देख रहा है। हम लोकतंत्र की ऐसे हत्या नहीं होने देंगे। देश में स्थिरता लाने की सबसे अहम शक्ति चुनाव प्रक्रिया की शुचिता है।' शीर्ष अदालत से आई इस टिप्पणी को शायद निर्वाचन आयोग से लेकर केंद्र सरकार के तमाम दफ्तरों में चस्पां करने की जरूरत है। चंडीगढ़ के मेयर पद के चुनाव को लेकर हार का डर शायद भाजपा को पहले से था, इसलिए पहले पीठासीन अधिकारी के बीमार होने को वजह बताकर चुनाव की तारीखें बढ़वाई गईं और जब 30 जनवरी को चुनाव हुए तो संयोग से पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा की गई तथाकथित छेड़छाड़ कैमरे में कैद हो गई। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने जिसे लोकतंत्र की हत्या कहा है, वह दरअसल लोकतंत्र की सुपारी देने जैसा गंभीर अपराध है, क्योंकि यहां हत्या गैरइरादतन नहीं, बल्कि रणनीति के तहत करवाई गई है। अनिल मसीह को अदालत से फटकार लग चुकी है, हो सकता है उन पर मुकदमा चले और दिखाने को कार्रवाई भी हो। लेकिन उसके बाद क्या लोकतंत्र को खत्म करने का खेल रुक जाएगा। क्या अनिल मसीह को इसका अकेले जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, या फिर अदालत की नजर में वे लोग भी आएंगे, जिनके कहने पर अनिल मसीह जैसे अधिकारी कठपुतलियों की मानिंद काम करते हैं। अभी तो एक अदने से चुनाव के लिए इतना दुस्साहस दिखाया गया है, लेकिन जहां लोकसभा में बाकायदा आंकड़ों के साथ ऐलान हो रहा है कि हम 400 सीटें जीतेंगे और तीसरी बार सत्ता में आएंगे, वहां और कितने खेल होंगे, क्या इस बारे में भी शीर्ष अदालत को विचार नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के ही कुछ वकीलों ने बाकायदा ईवीएम के खिलाफ मोर्चा खोलकर बताया है कि किस तरह ईवीएम हैक करके वोटों में गड़बड़ी हो सकती है। लेकिन निर्वाचन आयोग ने अंतिम सत्य की तरह ऐलान कर दिया है कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती। अगर निष्पक्ष चुनाव पर जनता के एक तबके को संदेह है, तो क्या उस संदेह को दूर करने के लिए खुद निर्वाचन आयोग को पहल नहीं करना चाहिए या फिर गुलाम भारत की तरह जनता की बात तभी सुनी जाएगी, जब कोई आंदोलन खड़ा हो। क्या सुप्रीम कोर्ट ईवीएम पर कोई स्वत: संज्ञान लेकर देख पाएगा कि इसमें भी लोकतंत्र को कुचला जा रहा है या नहीं। चंडीगढ़ चुनाव में धांधली के आरोप तो आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ने शुरू से लगाए हैं, लेकिन शीर्ष अदालत ने यह तभी देखा, जब वहां याचिका दाखिल हुई। अगर याचिकाकर्ता हिम्मत हार जाते, तब क्या हत्या किसी को नजर नहीं आती। यह केवल एक मामला ही नहीं है, जहां लोकतंत्र की प्रक्रिया को कुचला गया हो। सोमवार को ही झारखंड में चम्पाई सोरेन की सरकार ने विश्वासमत हासिल कर अपनी सरकार बचा ली, वर्ना झारखंड का हश्र भी बिहार की तरह हो सकता था। लेकिन इस बचाव के लिए कितने यत्न करने पड़े, क्या यह शीर्ष अदालत को नहीं दिखा। विधायकों की खरीद-फरोख्त अब आम बात हो गई है, इसलिए विधायकों को बचाने के लिए रिजार्ट पॉलिटिक्स का नया चलन देश में निकला है। अभी बिहार में बहुमत परीक्षण से पहले कांग्रेस अपने विधायकों को सुरक्षित रखने के लिए बाहर ले जा चुकी है। कहीं भी चुनाव होते हैं और बहुमत के आंकड़े में जरा सी ऊंच-नीच की आशंका होती है, तो फौरन विधायकों की बाड़ेबंदी शुरू हो जाती है।

## रिवाज

लेखिका सुरेखा मेहरा

जल्दी तैयार हो जा बेटी देखने वाले आते ही होंगे स्नेहा की माँ बार बार स्नेहा को ताक ीद कर रही थी पर स्नेहा तो बस अपने मन के हिसाब से ही बस ऐसे ही ठीक हूँ की जिद पकड़कर बैठी थी ।माँ ने भी कोई और चारा चलता ना देख अपनी मूक स्वीकृति दे दी थी। थोड़ी ही देर में सागर भी आ गया अपने परिवार के साथ तो औपचारिक बातचीत के बाद घरवालों ने दोनों को अकेला छोड़ दिया बात करने के लिए । स्नेहा पूछे भी तो क्या पूछे ?और कहे भी तो क्या कहे ? कि तभी गहरी चुप्पी को तोड़ता हुआ सागर बोल पड़ा स्नेहा जी प्रेम और शादी विश्वास की नींव पर टिके होते हैं एक बार जो यह ध्वस्त हुआ तो दोनों की इमारत भरभरा कर गिर जाती है । स्नेहा समझ नहीं पा रही थी कि सागर क्या कहना चाहता है ? कि सागर ने फिर कहना शुरू किया श्रुति यही नाम था उसका ।पहले स्कूल ,फिर कॉलेज यहाँ तक कि नौकरी भी इकट्ठी की हम दोनों ने और कब हम एक दूसरे की जरूरत बन गए हमें खुद भी नहीं पता चला अंतजार्तीय विवाह मेरे और उसके परिवार वालों को मंजूर नहीं था इसलिए हमने उनको मनाने की कोशिशें असफल होती देख कोर्ट मैरिज कर ली उनको बिना बताये पर नियति को शायद कुछ और ही स्वीकार था तो वो ट्यूमर की वजह से एक साल बाद ही चल बसी । मुझे अपनी यादों के सहारे छोड़ गयी जाते -जाते इस वचन के साथ कि मैं उसे भूलकर दोबारा शादी कर लूँगा ।आज उसे गए हुए पाँच साल हो गए हैं पर ना उसे भूल पाया हूँ और ना उसकी यादों को । मुझे आप पसंद हो अगला निर्णय आप पर छोड़ता हूँ जो भी होगा मुझे स्वीकार होगा ।स्नेहा अपलक सागर को निहारती रह गयी थी । सागर की माँ ने पूछा लड़की कैसी लगी? जबकि बेटे के दिल का हाल वो बखूबी जानती थी कि तभी स्नेहा की माँ ने बताया कि स्नेहा ने शादी के लिए हाँ कर दी है । सागर मन ही मन खुश था अपने दिल का बोझ हल्का करके और इस बात से कि उसे एक सुलझी हुई जीवन संगिनी मिल रही है । 2 महीने बाद दोनों की शादी हो गयी। इस बीच ना स्नेहा ने सागर के अतीत का कहीं जिक्र किया और ना ही सागर कर पाया । हँसी खुशी भरे माहौल के बीच दोनों की शादी सम्पन्न हुई । दोनों पक्षों के लोगों ने वर-वधू को ढेरों आशीष दिए । स्नेहा भी हँसी खुशी विदा होकर अपनी ससुराल आ गयी । रात को उसकी जेठानी ने कमरा बहुत अच्छी तरह सजाया और फिर एक नया तौलिया स्नेहा को देते हुए बोली । ताउम्र सम्भालकर रखना इसे काम आएगा बहुत । स्नेहा को कुछ समझ नहीं आया तो जेठानी ने उसकी मन: स्थिति को पढ़ते हुए कहा कि ये तौलिया ही उसकी पवित्रता का सबूत होगा ।ये भी एक रिवाज है । तभी स्नेहा की सास आकर बोली अपनी बड़ी बहू से कि स्नेहा को सारी बातें समझा दी हैं ना बहू । सागर जो अब तक कमरे में आ गया था को खुश रहने का आशीष देकर दोनों चली गयी । पर स्नेहा के मन में उधेड़बुन चल रही थी कि बहू की पवित्रता को साबित करने के तो कई रिवाज बनाये लोगों ने । सारे रिवाज बेटियों के लिए ही क्यों ? क्या कभी कोई अपने बेटों की पवित्रता साबित करने को भी रिवाज बना पाएगा ? क्या बेटों के लिए भी कोई रिवाज होगा?

# मोदी के आत्मविश्वास से भरा आमचुनाव का गणित



लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के समय विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मविश्वास एवं कर्मठता से भरकर कहा कि मैं ऐसे आँकड़ों में नहीं पड़ता लेकिन मैं देख रहा हूं कि देश का मिजाज भारतीय जनता पार्टी को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीटें पार करवाकर रहेगा। भाजपा इस बार चुनावों में 400 पार का नारा दे रही है। 2019 चुनावों में भाजपा ने 303 सीटें जीती थीं। निश्चित ही इतने बड़े आंकडे की घोषणा करने के पीछे नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच, विकास की राजनीति एवं राष्ट्र-विकास का संकल्प है, वहीं विपक्ष एवं कांग्रेस की नकारात्मक सोच, विरोध के लिए विरोध और विभाजनकारी रवैया उसके लगातार कमजोर होने के कारण हैं। प्रधानमंत्री ने सीटों का जो आकलन किया है, वह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के रूप एकजुट हुआ विपक्ष उनको चुनौती देगा, क्योंकि विपक्षी एकजुटता बिखर चुकी है। मोदी ने संसद के भीतर जब अपने चुनावी लक्ष्य की बात कही तो इसने भाजपा कार्यकताओं को ऊर्जा से भर दिया, वहीं विपक्ष के सामने आत्मचिन्तन का अवसर प्रदत्त किया। कांग्रेस को 10 साल के दौरान अच्छा विपक्ष बनने का मौका मिला लेकिन इसमें वह पूरी तरह विफल रही। स्वयं तो विफल रही ही, बल्कि विपक्ष में भी कुछ होनहार लोगों को उभरने नहीं दिया। कांग्रेस की नकारात्मक एवं संकीर्ण राष्ट्र-विरोधी राजनीति को देश की जनता महसूस करने लगी है। कांग्रेस किस तरह नकारात्मक राजनीति का शिकार है यह लोकसभा में ही तब देखने को मिला जब सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चैधरी ने बालाकोट में की गई एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े किए। ध्यान रहे ऐसे ही सवाल पाकिस्तान खड़े करता रहा है। आखिर उन्हें पाकिस्तान के स्वरों में स्वर मिलाने एवं उसको रास आने वाला बयान देने की जरूरत क्यों पड़ गई? ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, वह बार-बार कभी पाकिस्तान तो कभी चीन की तरफदारी करती रही है। मोदी विरोध के नाम पर वह राष्ट्र-विरोध पर उतरती रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें है। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। दूसरी वजह, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ने लोगों में एक नए जोश का संचार किया है। अंतरिम बजट में ही जिस तरह से आने वाले कुछ महीनों को लेकर नीतियों का एलान किया गया है, वह संकेत है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं की और भी वजहें हैं, जिनमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां हैं, जैसे चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर करना है। भारत अब विश्व-गुरु भी बनने की ओर गतिशील है। गत वर्ष 9 एवं 10 सितम्बर को जी-20 देशों का महासम्मेलन भारत में सफलतापूर्वक सम्पन्न होना भी भारत की विश्व स्तर पर मजबूत होने की स्थिति को दर्शा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परते खुलने लगी है। भाजपा इसलिए भी आशान्वित है, क्योंकि जिस विपक्षी एकता की बात 2023 के मध्य से चल रही थी, उसमें दरारे पड़ती ही जा रही है। तमाम विपक्षी पार्टियां अपने-अपने ढंग से चुनाव लड़ने को तैयार हैं और कांग्रेस से उनकी खींचतान चल रही है। फिर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं, वहां पार्टी ने अपने अनवरत प्रयासों से खुद को मजबूत बना लिया है, फिर चाहे वह महाराष्ट्र हो या बिहार।

कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास भाजपा एवं मोदी विरोध का कोई सशक्त धरातल एवं मुद्दें नहीं है। वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। लेकिन कांग्रेस का हर दिन कई विरोधाभासों के बीच बीत रहा है। कांग्रेस की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। उसकी उल्टी गिनती तो लम्बी चलेगी। पर जनता के दिमाग में एक बात गहरे तक बैठी हुई है कि मोदी के नेतृत्व में सब कुछ बदल जाएगा, भारत सशक्त हो जायेगा, सब कुछ अच्छा हो जाएगा एवं सब कुछ श्रेष्ठ हो जाएगा। इसके विपरीत कांग्रेस की जनता पर पकड़ ढ़िली पड़ती जा रही है, उसके बयानों में कोई बुनियादी मुद्दें नहीं होते, बार-बार बेरोजगारी की चर्चा सुनने को मिलती है, जबकि 2014 से पहले इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट केवल 12 लाख करोड़ के आसपास था। बीते 10 सालों में बजट बढ़कर 44 लाख करोड़ हो गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में कितनी नौकरियां पैदा हुई होंगी। आज युवाओं के लिए जितने नए अवसर बने हैं, ये पहले कभी नहीं बने। आज चारों तरफ स्टार्टअप्स की गूंज है, यूनिकॉर्न्स चर्चा में है। 2014 के पहले डिजिटल इकोनॉमी का साइज ना के बराबर था। आज भारत, दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी है। लाखों युवा इससे जुड़े हैं और उनके सपनों को पंख लगे हैं। इसी तरह महिलाओं को सम्मानजनक जिन्दगी देने एवं उनके विकास को अग्रसर करने में मोदी सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं। एक संकल्प लाखों संकल्पों का उजाला बांट सकता है यदि दृढ़-संकल्प लेने का साहसिक प्रयत्न कोई शुरू करे। निश्चित ही अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू हुई थी और उनका तीसरा कार्यकाल इन दृष्टियों से ऐतिहासिक होगा, यह आम जनता में पनप रहा विश्वास है।

मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है। कैसे राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पडौसी देशों को चेता सकती है, कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। काशी हो या अयोध्या या ऐसे ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रांति के परिदृश्य- ये अजूबे एवं चैंकाने वाले लगते हैं। अयोध्या से नरेन्द्र मोदी ने जो संदेश दिया है, उसे केवल चुनावी नफा-नुकसान के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक सशक्त होते राष्ट्र के नजरिये से देखा जाना चाहिए। उनका यह कहना खास मायने रखता है कि सदियों की गुलामी के चलते भारत को जिस हीनभावना से भर दिया गया था, आज का भारत उससे बाहर निकल रहा है। यह स्थिति आगामी लोकसभा चुनाव की जमीन बनेगी। स्पष्ट है, आम चुनाव में अब बहुत दिन शेष नहीं है, और दोनों मोर्चों की बिसात कमोबेश बिछ चुकी है। हालांकि, एक तरफ भाजपा जैसा सुगठित दल हैं, जिसके पास मोदी जैसा एक मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नजरिया है। जबकि उसे चुनौती देने वाले मोर्चे में फिलहाल काफी उथल-पुथल है। ऐसे में, यदि विरोधी खेमा नहीं चेता, तो प्रधानमंत्री ने जिन आंकड़ों के साथ जीत का दावा किया, वह यदि सच हो जाए, तो आश्चर्य नहीं होगा।

प्रधानमंत्री पिछले 10 वर्षों के दौरान हासिल अपनी सरकार की उपलब्धियां न गिनाकर, विपक्ष और खासकर कांग्रेस पर तंज के तीर बरसाए, इसके पीछे उनका स्पष्ट राजनीति मकसद रहा है। प्रधानमंत्री मोदी यह बखूबी जानते हैं कि अपने प्रतिपक्षी को कभी कमतर नहीं आंकना चाहिए, फिर अगले लोकसभा चुनाव के महासंग्राम में जिस पार्टी से उनका सबसे अधिक सीटों पर आमना-सामना होना है, उसकी कमियों, उसके अंतर्विरोधों, उसकी नाकामयाबियों एवं नकारात्मक सोच को देश की जनता के सामने रखना अधिक प्रभावी एवं मनोवैज्ञानिक तरीका है, उस पर दबाव बनाने एवं उसे कमजोर साबित करने का। मोदी इसमें माहिर है एवं राजनीतिक परिवक्वता से भरे हैं। प्रेषक:

(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन,

# लोकतंत्र के साथ मजाक तो अर्से से हो रहा है, मी लॉर्ड!

डॉ. दीपक पाचपोर



वर्तमान चीफ जस्टिस को देश में लोकतंत्र व न्याय के दृष्टिकोण से आशा की अंतिम किरण के रूप में देखा जा रहा है। फिर भी कई बार ऐसे फैसले आते हैं, या फिर अपेक्षित निर्णय नहीं आते, कि उससे हैरत तो होती ही है, निराशा भी कम नहीं होती। न्यायपालिका से जनता की आशाओं का पूरा न होने से बढ़कर लोकतंत्र व कानून का दूसरा कोई बड़ा मजाक नहीं हो सकता; और वह अक्सर होता रहता है। हाल ही में चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में जिस प्रकार से पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के 8 वोटों को साफ जान पड़ती दुर्भावना तथा षड़यंत्रपूर्वक रद्द करते हुए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को विजयी घोषित किया, उससे सियासी तूफान तो पहले से ही उठा हुआ था, सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि, 'यह लोकतंत्र के साथ मजाक है। लोकतंत्र की हत्या है।' दरअसल यह मामला आप के मेयर पद के उम्मीदवार रहे कुलदीप कुमार द्वारा उच्चतम न्यायालय ले जाया गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पादीर्वाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई के दौरान वकील अभिषेक मनु संघवी द्वारा पेश किया गया वह वीडियो देखा जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह 8 बार अपना पेन इधर-उधर घुमाते दिखाई दे रहे हैं। इतने ही वोट अवैध बतलाकर निरस्त कर दिये गये जबकि चंडीगढ़ नगर निगम में कांग्रेस-आप के पास 20 एवं भाजपा के पास 16 वोट हैं। इतने वोट रद्द कराकर भाजपा उम्मीदवार को विजयी घोषित कराना सारी कहानी को साफ-साफ बयां करता है। इस वीडियो को देखकर नाराज न्यायाधीशों ने अनेक प्रकार की सख्त टिप्पणियां की हैं और कई तरह के निर्देश भी दिये हैं। पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट को न्याय करने में असफल करार देते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का पूरा रिकार्ड सुरक्षित रूप से हाईकोर्ट के पास जमा कराया जाये। सुको ने नगर निगम की सभी अगली कार्रवाइयों पर रोक भी लगा दी है। शीर्ष कोर्ट ने सरकारी वकील को कहा है कि वे 'पीठासीन अधिकारी को बतलाएं कि उन्हें न्यायालय देख रहा है।' अगली सुनवाई में उन्हें स्वयं सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश भी दिये गये हैं, जो कि 12 फरवरी को निर्धारित की गयी है। देखना तो यह है कि सर्वोच्च अदालत ने जितनी सख्त टिप्पणी की है, सजा भी उतनी ही सख्त होने जा रही है या फिर किसी न किसी आधार पर अपराध की गम्भीरता को कमतर मानते हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी की सजा को भी नरम सी, हल्की-फुल्की, चेतावनी जैसा कुछ जारी कर दिया जायेगा अथवा फिर माफी ही दे दी जायेगी? सवाल तो यह है कि कोर्ट-कचहरी की एक मुकम्मल व्यवस्था के रहते हुए एक अधिकारी नियमों की ऐसी धज्जियां उड़ाने की हिम्मत कर कैसे सकता है? जाहिर है, जो जिम्मेदार पद पर बैठा है, वह कानूनी प्रावधानों को जानता ही होगा। आखिरकार नियमों से तो वह कतई अनभिज्ञ नहीं होगा। असली में वह चारों ओर देख रहा है कि सभी तरह के नियमों व कानूनों को तोड़ने वाली राजनीतिक शक्तियां विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, स्वायत्त संस्थाओं एवं सवैधानिक संस्थानों पर इस कदर हावी हैं कि इन सभी का काम केवल सत्ता एवं सत्तारुढ़ भाजपा की हां में हां मिलाना रह गया है। अब तो ऐसा कोई भी मंच नहीं रह गया है जहां लोकतंत्र का मजाक उड़ाने वाले तत्व धमाल न मचा रहे हों।

संसद में न केवल महिला पहलवानों के उत्पीड़न के आरोपी शान से बैठते हैं बल्कि सत्ताधारी दल के एक सदस्य अल्पसंख्यक विपक्षी सदस्य को संप्रदाय से जुड़ी भद्दी व असंसदीय गालियां देते हैं। उसी सदन में वे लोग भी मंत्री बनकर बैठे हुए हैं जिनका बेटा सरेआम अपने वाहन से आंदोलन कर रहे किसानों को कुचल देता है। एक राज्य में कद्दावर नेता के पुत्र अधिकारी को बीच सड़क पर बैट से भरपूर मारते हैं और कोई कार्रवाई तक नहीं होती। दंगों व सामूहिक बलात्कार के आरोपियों की सजा अच्छे चाल-चलन के आधार पर माफ कर दी जाती है तो वहीं बलात्कार-हत्या का आरोपी एक कथित संत हर दो-चार माह में पैरोल पर निकल आता है और अपने आश्रम में कुछ समय बिताकर जेल लौट जाता है।

पिछले कुछ दिनों से लोकतंत्र की हत्या और उसके साथ मखौल कुछ ज्यादा ही बढ़ चला है, इतना कि सारा देश ही उसका आनंद उठा रहा है। न्यायपालिका को तेजी से कार्यपालिका स्थानापन्न कर रही है और सजा दिलाने के लिये आरोपियों को न्यायाधीश के सम्मुख खड़ा करने के बजाये खुद ही बुलडोजर चला रही है। सुको को इस बात पर भी गुस्सा नहीं आता कि उसकी जगह विध्वंसक मशीनों ने ले रखी है। आरोपी के साथ पूरे परिवार को बेघर करने के पीछे कौन सा कानून व तर्क काम करता है और कार्यपालिका कब से न्यायपालिका की जिम्मेदारियां निभाने लग गया है, यह सभी जानते हैं। यह देखकर अब न्यायपालिका ने हैरत में पड़ना बन्द कर दिया है कि किसी का भी अवैध निर्माण किसी राज्य सरकार व प्रशासन को तभी क्यों दिखलाई पड़ता है जब उसे पता चलता है कि आरोपी अल्पसंख्यक है अथवा किसी गैर भाजपायी दल से उसका सम्बन्ध है। लोकतंत्र के साथ मजाक तो तब भी हुआ था जब हेट स्पीच करने वाले एक केन्द्रीय मंत्री व सांसद को यह कहकर बरी कर दिया गया था कि 'बयान मुस्कुराकर दिया गया है, लिहाजा वह अपराध की श्रेणी में नहीं आता।' उससे बड़ा मजाक तो तब भी होते हैं जब सत्ता दल से जुड़े लोगों के चुनावी भाषणों के खिलाफ की गयी शिकायतों को निर्वाचन आयोग तब तक नहीं सुनता जब तक कि चुनाव लगभग पूरे नहीं हो जाते, जबकि विपक्षी दलों के नेताओं के बयानों को शीघ्रता से संज्ञान में लिया जाता है। देश में लोकतंत्र की हत्याओं की वेरायटी और उसके साथ होने वाले मजाकों की रेंज असीम है। राज्यपालों का ही देखें तो उनके द्वारा विवेकाधिकार के मनमाने उपयोग के खिलाफ कई तरह की शिकायतें पहुंचती हैं परन्तु फैसले वे ही आते हैं जो भाजपा की सुविधा वाले होते हैं। न जाने कितने ही पत्रकार, लेखक, मानवाधिकार कार्यकर्ता, विपक्षी दलों के नेता जेलों में डाल दिये गये हैं, पर उनके फैसले तो दूर, उन्हें जमानत देने में में भी न्यायालय घबराती है। वह केवल तारीखें देती है। अब तो जनता को साफ संदेश जा चुका है कि खुद न्यायपालिका घबराई हुई सी प्रतीत होती है। जाहिर है कि कुछ समय पहले इसी घबराई हुई कोर्ट के चार जस्टिसों ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर बतलाया था कि खास तरह के मामले एक जस्टिस विशेष की अदालत में ही जाते हैं। उनमें से एक जस्टिस बाद में मुख्य न्यायाधीश बनते हैं, एक खास फैसला सुनाते हैं और रिटायर होने के बाद सीधे राज्यसभा में जा बैठते हैं। यह न्यायपालिका द्वारा खुद के साथ किया हुआ मजाक है कि अब विरोधी दलों के नेताओं के विरूद्ध प्रवर्तन निदेशालय के ज्यादातर मामले एक ही जस्टिस के सामने प्रस्तुत होते हैं जिनका सम्बन्ध गुजरात से है। वह महिला जस्टिस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान वहां जिम्मेदार पद पर थीं। इस मजाक की भी इन दिनों काफी चर्चा है।

बेशक, वर्तमान चीफ जस्टिस को देश में लोकतंत्र व न्याय के दृष्टिकोण से आशा की अंतिम किरण के रूप में देखा जा रहा है। फिर भी कई बार ऐसे फैसले आते हैं, या फिर अपेक्षित निर्णय नहीं आते, कि उससे हैरत तो होती ही है, निराशा भी कम नहीं होती। न्यायपालिका से जनता की आशाओं का पूरा न होने से बढ़कर लोकतंत्र व कानून का दूसरा कोई बड़ा मजाक नहीं हो सकता; और वह अक्सर होता रहता है। लोगों को उम्मीद है कि यदि लोकतांत्रिक प्रणाली के सभी अंग, संस्थाएं व संगठन लोकविरोधी हो जायें तो भी कम से कम न्यायपालिका नामक मशाल नागरिकों को अंधकार में रास्ता दिखाती मिलेगी।

हाल में कई ऐसे मौके आये हैं जब देश में कानून को सत्ता की शह पर बेखौफ ठेंगा दिखाया गया लेकिन अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। उम्मीद है, मी लॉर्ड कि चंडीगढ़ मामले में ऐसा नहीं होगा!

# भूदान के बाद अब भू-मुक्ति

– रमाकांत नाथ

'भूदान आन्दोलन' प्रारम्भ हुआ और स्थानीय जमींदार रामचन्द्र रेड्डी इसके पहले दानी बने। खूनी तेलंगाना से शांति और समृद्धि का जो संदेश विनोबा ने दिया, उसे भारत की जनता ने स्वीकार कर लिया। परिणामस्वरूप, बाबा विनोबा ने भूदान के लिए पूरे देश में भूमि एकत्र की और उसे भूमिहीन, बेघरों में वितरित किया। इस तरह उन्होंने गरीबी, अभाव और दरिद्रता को दूर करने में एक मजबूत योगदान दिया।

स्वतंत्र भारत में हुए अनेक आंदोलनों में से विनोबा भावे के नेतृत्व वाला 'भूदान आंदोलन' सबसे महत्वपूर्ण आंदोलनों में से एक है। इस आंदोलन के माध्यम से विनोबा भारत में क्रांति लाने में सफल रहे। विनोबा की क्रांति भारत की मूल समस्याओं के समाधान में एक बड़ा कदम थी। आर्थिक असमानता को दूर करने में आंदोलन के प्रयास उल्लेखनीय थे।

आजादी के ठीक बाद एक और स्वतंत्रता आंदोलन आया जिसे भारत के लोगों की आर्थिक मुक्ति कहा गया। भारत की राजनीतिक मुक्ति के बाद विनोबा के आर्थिक स्वतंत्रता के प्रयासों और 'भूदान आंदोलन' ने भारतीयों के मन में हलचल पैदा कर दी। विनोबा की भूदान यात्रा, भूदान यज्ञ का प्रचार और उसके बाद ग्रामदान, जिलादान, राज्यदान, संपत्तिदान और जीवनदान के आंदोलन ने पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी। यह आन्दोलन कुछ ही दिनों में जन आन्दोलन में बदल गया।

यह आंदोलन भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी शुरू हुआ। चीनी भू-राजनीतिक व्यवस्था का अनुसरण करते हुए भारत में भी वैसी ही व्यवस्था लागू करने की सोच रखने वाले विनोबा अंतत: तेलंगाना से शुरू होकर भूदान की गंगा को पूरे देश में फैलाने में सफल रहे। भूदान के आह्वान ने जमींदारों से दान में मिली जमीन को भूमिहीनों में बांटकर विनोबा ने नई राह दिखाई, नए विचार पैदा किए, दुनिया के अरबों लोगों को दान की संस्कृति से परिचित कराया और कई लोगों की आंखें खोलने में मदद की।

पौराणिक युग में जमीन के लिए महाभारत युद्ध से शुरू होकर, हाल के दिनों में कई देशों में जमीन के लिए मानव का संघर्ष बहुत अधिक हुआ है। कहां राजशाही और राजशाही के हाथों से धरती माता को मुक्त कराने की पुकार है और कहां जमींदारों और जागीरदारों के हाथों से धरती को मुक्त कराने का प्रयास है। इन कोशिशों के बीच कितनी जानें गईं और कितना खून बहा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। यह जमीन देशों के बीच युद्धों का कारण है, परिवारों के बीच संघर्ष का कारण है। उसी प्रकार यह जमीन भाइयों के बीच झगड़े का कारण होती है। इन अंतहीन संघर्षों, युद्धों तथा हिंसा को समाप्त करने की आवश्यकता है। 'भूदान आंदोलन' ने पूरे देश में जो चेतना विकसित की, उसने दुनिया में जो सांस्कृतिक वातावरण तैयार किया, उसका मूल्यांकन करने की जरूरत है। 'भूदान आंदोलन' के परिणामस्वरूप, कई बेघर परिवार भूमि प्राप्त करने और अपनी आजीविका में सुधार करने में सक्षम हुए, उनके जीवन में बदलाव संभव हुआ।

इसी प्रकार, जिन लोगों ने भूमि दान करके अपनी उदारता का परिचय दिया, वे समाज के सामूहिक विकास में भाग लेने में सक्षम हुए, लेकिन भूदान की सफलता आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं थी। सरकारी नीतियों ने अमीरों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बनाने में मदद की है। इसके कारण अमीर-गरीब के बीच की खाई नहीं मिट सकी, विषमताएं समाप्त नहीं हो सकीं और करुणा से परिपूर्ण समतामूलक समाज संभव नहीं हो सका।

वह दिन था, 18 अप्रैल 1951। आज के तेलंगाना राज्य के पोचमपल्ली गांव में बाबा विनोबा के अनुरोध और प्रोत्साहन से भारत के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा। उस दिन की घटना ने विश्व में जिस नये आन्दोलन को जन्म दिया, वह था 'भूदान आन्दोलन।' जब तेलंगाना की निराश्रित, अत्यंत गरीब जनता, भूख हड़ताल पर बैठी महिलाएं अपराध करने से नहीं हिचकिचाईं, जब संबंधित क्षेत्रों में खून के प्यासे लोगों का खून-खराबा होने लगा, तो संत विनोबा का हृदय टूट गया। उन्होंने तेलंगाना जाकर वहां के विद्रोहियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और वहां के गरीब लोगों की समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने के प्रयास शुरू किये। इसके परिणामस्वरूप 'भूदान आन्दोलन' प्रारम्भ हुआ और स्थानीय जमींदार रामचन्द्र रेड्डी इसके पहले दानी बने। खूनी तेलंगाना से शांति और समृद्धि का जो संदेश विनोबा ने दिया, उसे भारत की जनता ने स्वीकार कर लिया। परिणामस्वरूप, बाबा विनोबा ने भूदान के लिए पूरे देश में भूमि एकत्र की और उसे भूमिहीन, बेघरों में वितरित किया।

# वीर रमणीय मणिमाला खंगार जोहर दिवस के लिए बैठक संपन्न 29 दिसंबर 2024

**संवाददाता हरिओम परिहार की खास रिपोर्ट**

चंदेरी के आर जे पैलेस में एक खंगार क्षत्रिय परिहार समाज की बैठक संपन्न हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष खंगार क्षत्रिय समाज श्री रमेश खंगार नन्ना जी की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र सिंह शिक्षक निवाड़ी अशोक मिर्धा पृथ्वीपुर निर्भय सिंह परिहार रहे जिसमें गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, ललितपुर एवं चंदेरी क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 29 जनवरी 2024 को रानी मणिमाला खंगार के 1600 क्षत्राणियों के साथ जौहर परांपरा का पालन कर राष्ट्र धर्म एवं सतीत्व की रक्षार्थ बलिदान दिया उनके बलिदान दिवस को जौहर दिवस के रूप में मनाया जाना है जिसके सभी उपस्थित लोगों को दायित्वों को सौपे गये। सबसे पहले






चंदेरी नगर में चल समारोह रानी मणिमाला खंगार का होगा उसके पश्चात उनके जौहर स्तम्भ पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जायेगी।ऐसी वीर रमणीय मणिमाला जिन्होंने न केवल अपने सुहाग राजामेदनी राय जू की वीरता के साथ लडाई में साथ दिया बल्कि जौहर प्रथा का पालन कर अपने प्राणों की आहूति देकर त्याग बलिदान किया उनके देश धर्म के लिए किये त्याग बलिदान को जन जन तक पहुंचाकर लोगो में राष्ट्र भावना को जागृत करने के उद्देश्य को लेकर इस वर्ष रानी मणिमाला के जौहर दिवस को दिनांक 29 जनवरी 2024 को किले के मैदान में मनाया जाना है।जिसमें वीरता से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित राष्ट्र रक्षा एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आमजनों को सम्मानित किया जाना है।बैठक में काशीराम परिहार, चंदनसिंह परिहार,विजय परिहार मामोनी खुर्द करैरा, श्री पंजाब सिंह परिहार बलराम खंगार गुना अमन खंगार निवाड़ी मलखान प्रताप पुरा पप्पे खंगार,पर्वत सिंह परिहार,सोनू परिहार श्रीमती उषा परिहार करैरा एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे

# जनप्रतिनिधि और प्रशासन के बीच आपसी समन्वय से काम हो - एसीएस के सी गुप्ता

**संभागीय प्रभारी अधिकारी ने की जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक**

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के सी गुप्ता को ग्वालियर संभाग के लिए प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। एसीएस के सी गुप्ता बुधवार को शिवपुरी जिले के भ्रमण पर आए। उनके साथ संभागायुक्त दीपक सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर बैठक की।जिले में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति के अलावा शासन स्तर पर लंबित कार्य एवं जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय से काम किया जाए। इस उद्देश्य से एसीएस के सी गुप्ता ने बैठक की और कहा कि जिला



प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी तालमेल से कार्य बेहतर ढंग से संपन्न होते हैं। इसलिए विभागीय कार्यों में जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग रहे और जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी जाए। इसके अलावा यदि जिले की कोई समस्या है जिनके प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजे गए हैं उसमें समन्वय का काम किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा अमित यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिला अध्यक्ष राजू बाथम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने जिले के विभिन्न कार्यों की जानकारी दी।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव और नगर पालिका अध्यक्ष ने भी कई मुद्दे रखे। जिसमें कई मझरे टोले को राजस्व गांव के रूप में चिन्हित करना, जिला पंचायत में कार्यों को स्वीकृति, नल जल योजना, सड़क, मड़ीखेड़ा समूह जल प्रदाय योजना आदि पर चर्चा की गई।

# थानों एवं चौकियों की सीमाओं के निर्धारण के संबंध में सुझाव एवं आपत्ति 13 जनवरी तक आमंत्रित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिले के भीतर थानों व चौकियों की सीमाओं के निर्धारण के संबंध में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसके तहत ग्रामीण इलाकों के लोगों की आने जाने की कठिनाईयों, कानून व्यवस्था एवं अपराधों पर अंकुश लगाने की दृष्टिगत रखते हुए दूरस्थ ग्रामीण इलाकों को उनके समीप के थाना व चौकी में सम्मिलित किए जाने हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर नागरिकों से सुझाव एवं आपत्ति 13 जनवरी तक आमंत्रित की गई है। जनप्रतिनिधियों, संबंधित क्षेत्र के विधायकों द्वारा सुझाव दिए गए है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र करैरा के ग्राम बम्हारी एवं ग्राम कुर्रोल को दिनारा थाने के स्थान पर करैरा थाना, ग्राम दावरअली को करेरा के स्थान पर सीहोर, ग्राम काली पहाड़ी को थाना सीहोर के स्थान पर नरवर और ग्राम करही व लोहड़ी माता में पुलिस चौकी बनवाए जाने संबंधी सुझाव दिया गया है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र कोलारस में ग्राम ढकरोरा, सीतानगर एवं खासखेडड़ा को थाना कोलारस में ही रखे जाने एवं थाना बदरवास के ग्राम लीलवारा, कुल्हा?ी, कंचनपुरा, अटरूनी, कैलधार, बडेरा, झाडेल, टुडयावद, विजयपुरा को लुकवासा चौकी में सम्मिलित करने तथा लुकवासा चौकी को थाने में परिवर्तन करने का सुझाव दिया गया। साथ ही ग्राम खतोरा, गणेशखेडा एवं लेवा में चोकी स्थापित करने का सुझाव दिया गया।पोहरी में ग्राम सिलपरी को बैराड़ थाने, सिरसौद एवं थाना बैराड़ के बीच में ग्राम कुंवरपुर में पुलिस चौकी और उस चौकी में ग्राम तिघरा, सूड, बड़ा तिघरा, गहलोनी, जमोनिया, हिनोतिया, नयागांव, सिकरावदी, सिकरावदा, कुंवरपुर, खेरिया खजूरी, महसाना, सहराना, रोदा,बिलपुरा अमरखुआ, पहाड़ी बसई, राम बसई, ढोकल बसई, एवं आसपास के गांव को सम्मिलित करने का सुझाव दिया गया है।सीहोर में ग्राम नरौआ के बड़ेरा तिराहे पर पुलिस चौकी और उसमे ग्राम नरौआ, गनियार, ग्वालिया, कालीपहाड़ी, धमधौली,इंदरगढ़, एवम आसपास के ग्रामों को शामिल करने का सुझाव आया है।

थानों एवं चौकियों की सीमाओं के निर्धारण के संबंध में सुझाव एवं आपत्ति 13 जनवरी तक आमंत्रित

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- जिले के भीतर थानों व चौकियों की सीमाओं के निर्धारण के संबंध में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसके तहत ग्रामीण इलाकों के लोगों की आने जाने की कठिनाईयों, कानून व्यवस्था एवं अपराधों पर अंकुश लगाने की दृष्टिगत रखते हुए दूरस्थ ग्रामीण इलाकों को उनके समीप के थाना व चौकी में सम्मिलित किए जाने हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर नागरिकों से सुझाव एवं आपत्ति 13 जनवरी तक आमंत्रित की गई है। जनप्रतिनिधियों, संबंधित क्षेत्र के विधायकों द्वारा सुझाव दिए गए है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र करैरा के ग्राम बम्हारी एवं ग्राम कुर्रोल को दिनारा थाने के स्थान पर करैरा थाना, ग्राम दावरअली को करेरा के स्थान पर सीहोर, ग्राम काली पहाड़ी को थाना सीहोर के स्थान पर नरवर और ग्राम करही व लोहड़ी माता में पुलिस चौकी बनवाए जाने संबंधी सुझाव दिया गया है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र कोलारस में ग्राम ढकरोरा, सीतानगर एवं खासखेड़ा को थाना कोलारस में ही रखे जाने एवं थाना बदरवास के ग्राम लीलवारा, कुल्हाड़ी, कंचनपुरा, अटरूनी, कैलधार, बडेरा, झाडेल, टुडयावद, विजयपुरा को लुकवासा चौकी में सम्मिलित करने तथा लुकवासा चौकी को थाने में परिवर्तन करने का सुझाव दिया गया। साथ ही ग्राम खतोरा, गणेशखेडा एवं लेवा में चोकी स्थापित करने का सुझाव दिया गया।पोहरी में ग्राम सिलपरी को बैराड़ थाने, सिरसौद एवं थाना बैराड़ के बीच में ग्राम कुंवरपुर में पुलिस चौकी और उस चौकी में ग्राम तिघरा, सूड, बड़ा तिघरा, गहलोनी, जमोनिया, हिनोतिया, नयागांव, सिकरावदी, सिकरावदा, कुंवरपुर, खेरिया खजूरी, महसाना, सहराना, रोदा,बिलपुरा अमरखुआ, पहाड़ी बसई, राम बसई, ढोकल बसई, एवं आसपास के गांव को सम्मिलित करने का सुझाव दिया गया है।सीहोर में ग्राम नरौआ के बड़ेरा तिराहे पर पुलिस चौकी और उसमे ग्राम नरौआ, गनियार, ग्वालिया, कालीपहाड़ी, धमधौली,इंदरगढ़, एवम आसपास के ग्रामों को शामिल करने का सुझाव आया है।

**अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ शिवपुरी पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी,**

# थाना करैरा द्वारा एक आरोपी को मादक पदार्थ स्मैक 10 ग्राम, एक मोटर साईकिल कुल मशरूका 1,53,000 रुपये सहित किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया जी के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन,अवैध शराव की धरपकड़ अभियान के तहत आरोपियों के खिलाफ जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देशों के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक शिवपरी श्री संजीव मुले जी के एवं स्ष्ठह्लक्ककरैरा श्री एसएन मुकाती जी के कुशल मार्गदर्शन मे दिनांक 10.01.2024 सुबह करीवन 10 बजे थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि बल्देव उर्फ विक्की कुशवाह मो0सा0 से अवैध मादक पदार्थ स्मैक लिए टीला तरफ आ रहा है । उक्त सूचना की तस्दीक हेतु फोर्स द्वारा मौके पर सावंलिया की टेक पर पहुंचकर चैकिंग लगाई



तो टीला तरफ से एक काले रंग की यामाहा मोटरसाईकिल क्रमांक त्वछ्व16त्तक्र6060 आती दिखी, जिस पर एक ब्यक्ति बैठा हुआ था जो काले रंग की शर्ट पहने हुए था जिसे हमराही फोर्स की मदद से रोकना चाहा तो पुलिस को देखकर भागने लगा । जिसे हमराही फोर्स की मदद से पकड़ा मो0सा0 चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम बलदेव उर्फ विक्की पुत्र रमेश कुशवाह उम्र 21 वर्ष नि. सावलियां की टेक टीला रोड करैरा का होना बताया । आरोपी से 10 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक कीमती 100000 रूपये, एक यामाहा मोटरसाईकिल क्रमांक त्वछ्व16त्तक्र 6060 कीमती 50000 रूपये एवं एक इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा कीमती 3000 रूपये कुल मशरूका 1,53,000 रूपये बरामद किये गये । उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 36/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया । आरोपी से बरामद शुदा मादक पदार्थ स्मैक के सप्लायरों के संबंध में पूछताछ की जा रही है ।

बरामद मालङ्क 01. 10 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक पाउडर कीमती 1,00,000 रुपये

02. एक मोटर सायकिल यामाहा कीमती 50,000 रुपये

03. एक इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा कीमती 3000 रुपये

. **कुल माल मशरूका 1,53,000 रुपये**

इनकी रही भूमिकाङ्क थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा,उनि कलेस्तुस लकडा, आर0 338 हरेन्द्र गुर्जर, आर0 1073 अनूप कुमार, आर0 617 ओमप्रकाश रावत, आर0 688 आलौक जैन, आर0 965 सुरेन्द्र रावत, आर0 165 गोविन्द रावत

# कर्मचारी संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल मिलने पर प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संगठन ने दी शुभकामनाएं

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। कर्मचारियों की संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर रोशनी कैलाश असाटी को प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष पवन खरे एवं उनके साथियों विजय सिंह लोधी,मोहन ठाकुर, शैलेंद्र सिंह लोधी, अजय पटेल,ने घर जाकर शुभकामनाएं प्रेषित की।



# जबेरा विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में सम्मिलित होंगे मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जबेरा से विधायक एवं मध्यप्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी का दौरा कार्यक्रम शुक्रवार सुबह 9 बजे स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा में सामूहिक सूर्य नमस्कार,प्रात-10.30 पर निज निवास नोहटा में क्षेत्र वासियों से मुलाकात,दोपहर 01 बजे धनेटा माल(झलौन) विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित,दोपहर 2.30 बजे तारादेही आगमन एवं गोहदर नर्सरी में कार्यकर्ताओं से भेंट,सायं 5.30 नोहटा आगमन एवं रात्रि विश्राम निज निवास पर रहेगा।

## धूम धाम से मनाया गया जन्म ओर तप कल्याणक महोत्सव

बैरसिया जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर 1008श्री चंद्रप्रभु जी भगवान एवम तेईसवे तीर्थंकर 1008 श्री पार्श्वनाथ जी भगवान का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव सकल जैन समाज द्वारा नगर में प्रथम ऐतिहासिक भव्य विमानोत्सव के साथ मनाया गया जिसमे श्री जी की शोभायात्रा श्री महावीर जिनालय बस स्टैंड, (जैन धर्मशाला ) से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई श्री पार्श्वनाथ जिनालय पहुंची जहां समाज अध्यक्ष श्री मुकेश जी जैन ( ललितपुर वाले) द्वारा बताया गया कि श्रावक श्रेष्ठी एवम् भक्तो द्वारा शास्त्री प्रासुक भैया (सांगानेर) जी के कुशल निर्देशन में मूलनायक भगवान 1008 श्री पार्श्वनाथ जी एवं 1008 श्री जन्द्रप्रभू जी का महामस्तकाभिषेक शांतिधारा , पूजन विधान अर्चन महाआरती श्री भक्तामर दीपविधान संपन्न किए गए । शोभायात्रा में श्री विद्यासागर संस्कार पाठशाला ,बालिका मंडल व महिला मंडल द्वारा जिनवाणी मां का महत्व , अष्टद्रव्य की थाल व तीर्थंकर बालक की माता के सोलह स्वप्न् (कलाकार नैंसी जैन द्वारा ) झांकी तैयार की गई। श्रावको द्वारा श्री जी की पालकी सोलह के वस्त्रों में कंधो पर निकाली गई । शोभायात्रा में पार्श्वरत्न सेवा दल द्वारा रंगा-रंग प्रस्तुति दी गई एवम् सिरोंज के दिव्यघोष- (नवयुवक सेवा संघ ) द्वारा श्रीजी की अनन्य भक्ति वाद्ययंत्र द्वारा की गई।

# अवैध पटाखा विस्फोट मामले में मारे गए लोगों के परिजनों नें सरकार से मुआवजा दिलाने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

दमोह। जिले में बडापुल पर भीषण पटाखा विस्फोट से सात लोगों की जान जाने के बावजूद भी प्रशासन द्वारा उनके परिजनों को न्याय दिलाने कोई उचित कदम नहीं उठाया गया। वही पिछले वर्ष हुए ब्लास्ट में कोरी समाज व खटीक समाज की बच्ची और महिलाएं कि मौत हुई थी जिस पर भी अभी तक प्रशासन द्वारा कोई कड़ी कार्रवाही नहीं की गई और ना ही परिवार के लोगों को मुआवजा राशि प्रदान करायी गई।पीड़ित लोगों में अभी भी कई लोग इलाज रत हैं और भीषण बीमारी के शिकार बन चुके हैं जिनका इलाज अब जीवन पर्यंत जारी रहेगा क्योंकि बारूद के दुष्प्रभाव खून में भिद जाने से भविष्य में भी उन्हें कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है ऐसे में प्रशासन को चाहिए विस्फोट की चपेट में आए लोगों का भरण पोषण व दवाई का इंतजाम किया जाए और उन्हें उचित रोजगार की व्यवस्था कराई जाए ताकि वह लोग अपने परिवार का भरण पोषण कर सके और अपना उपचार करवा सके इसी बात को लेकर खटीक समाज के लोगों ने जनसुनवाई में प्रशासन को इन सभी बातों से अवगत कराते हुए पूर्व से सबक लेते हुए दमोह जिले में अवैध पटाखा भंडारण की व्यवस्था जो अभी तत्काल में सिंगपुर ग्राम में कराई जा रही है जिसमें 14 लाइसेंसी दुकानदार एक ही जगह पर अपनी-अपनी गोदामें संचालित कर रहे हैं जिससे भविष्य में ऐसी ही कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है जिससे प्रशासन को अवगत कराते हुए तत्काल ही वहां बनी गोदामें सील कर वहां से विस्फोटक के भंडारण पर रोक लगाई जाए ताकि सिंगपुर ग्रामवासी की जान बचाई जा सके। बता दें कि जहां पर पटाखा भंडारण के लिए सरकार द्वारा इन्हें रखने का 14 लोगों लाइसेंस दिया गया है वहां से महज 500 मीटर की दूरी पर पेट्रोल पंप भी बना हुआ है इसके बावजूद भी इतने पास में विस्फोटक सामग्री भंडारण की अनुमति कैसे दी गई यह भी अधिकारियों पर सवाल खड़े करता है। अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद बचे हुए बारूद को जब पुलिस प्रशासन द्वारा नष्ट कराया गया तो दमोह के आधे शहर में भूकंप जैसे हालात निर्मित हो गए थे।



# तेंदूखेड़ा जनपद सभागार मे गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक हुई



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। तेंदूखेड़ा जनपद सभागार में गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता तेंदूखेड़ा के नवागत एस डी एम ब्रजेश सिंह द्वारा की गई।बैठक मे तेंदूखेड़ा तहसीलदार उमेश तिवारी,जनपद सी ई ओ मनीष बागरी, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव ,नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन ,जनपद उपाध्यक्ष पूरन सिंह परस्ते,नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी और नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहें। बैठक के दौरान जनपद सी ई ओ मनीष बागरी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लाह से मनाया जाएगा जिसमें सर्वप्रथम विभाग बार ध्वजारोहण होगा उसके बाद समूह ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष 9 बजे उत्कृष्ट स्कूल मे किया जायेगा फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम होने उसके बाद पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण होगा। तेंदूखेड़ा के नवागत एसडीएम बृजेश सिंह ने कहा पूर्व वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरी हर्षोल्लाह के साथ गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व मनाया जायेगा एवं इस बार उन प्रतिभाशाली युवकों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने पी एस सी पास करके अपनी योग्यता का परिचय देते हुये क्षेत्र का नाम रोशन किया है साथ ही एस डी एम ने नगर के गणमान्य लोगो से सुझाव मांगते हुये कहाँ है कि जिन्होंने सामाजिक हित मे अच्छे कार्य किये है उन्हें भी



सम्मानित किया जायेगा इसलिये सभी विभाग उनकी लिस्ट तैयार करके समय सीमा मे भेजे।बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव ने एक सुझाव रखा की इस वर्ष संस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जो चयनित टीम बनाई जाती है पूर्व वर्षो तक उनमे केवल शासकीय शिक्षक रहते थे इस वर्ष निजी स्कूलों के शिक्षकों को भी उसमें सम्मिलित किया जाए उसके बाद तेंदूखेड़ा एसडीएम ने इस वर्ष पांच सदस्यीय टीम बनाने की बात कही। गणतंत्र दिवस को लेकर हुई बैठक मे नवगत एस डी एम ब्रजेश सिंह जनपद सी ई ओ मनीष बागरी तेंदूखेड़ा तहसीलदार उमेश तिवारी, बी आर सी पी एल अहिवाल,पी डब्लू डी विभाग से एस डी ओ बी पी खरे,जलसंसाधन विभाग से रवि त्रिपाठी,राजस्व विभाग से दिनेश प्यासी,विश्व प्रताप सीग परिहार, वन विभाग से गणेश श्रीवास्तव, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, जनपद उपाध्यक्ष पूरन सीग परसते,नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन,नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव,तेंदूखेड़ा मंडल अध्यक्ष गोविद यादव,पूर्व मंडल अध्यक्ष मूरत सिंह लोधी डॉक्टर परम सिंह लोधी,सोमनाथ सोनी, जनपद सदस्य संतोष पाल,चेतन जैन, कमलेश साहू, महिला बाल विकास विभाग से सुप्रवाइजर आनंद पटेल के अलावा नर्मदा दुबे एन सी सी अधिकारी एच एस ठाकुर,मदन नामदेव के अलावा अन्य विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में सतना के 679 हितग्राहियों को स्व-रोजगार के लिये 23.84 करोड़ की सहायता


रोजगार मेले में सतना के 679 हितग्राहियों को स्व-रोजगार के लिये 23.84 करोड़ की सहायता


**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार मकर संक्रांति के अवसर पर सतना जिले में 11 एवं 12 जनवरी को आयोजित रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर 679 हितग्राहियों को रोजगार स्थापित करने 23 करोड़ 84 लाख रुपये की ऋण सहायता स्वीकृत की गई है। सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अपर कलेक्टर ऋषि पवार और जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन अंजुला झा ने किया। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी, महाप्रबंधक उद्योग एस.एल पांडेय, एलडीएम गौतम शर्मा, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग केके शुक्ला, खादी ग्रामोद्योग प्रबंधक सत्य सागर, हथकरघा के रोहित पटेल सहित स्व-सहायता समूहों की लाभान्वित हितग्राही महिलायें एवं युवा उद्यमी उपस्थित थे।कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत शिल्प एवं विभिन्न व्यवसाय करने वाले श्रमिकों के लिये संचालित की जा रही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का बेहतर प्रचार-प्रसार करें। उन्होने बताया कि जिले की 297 ग्राम पंचायत क्षेत्र के लगभग 2500 हितग्राहियों के आवेदन पंजीकृत हो चुके हैं। योजना के तहत 18 ट्रेड के परंपरागत कारीगर, श्रमिक अपने क्षेत्र के कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। योजना में चयनित हितग्राही को 5 दिन की ट्रेनिंग और 15 हजार रुपये कीमत का टूल किट दिया जायेगा। इसके अलावा क्षेत्र के बैंक से 5 प्रतिशत ब्याज पर 1 लाख रुपये का ऋण प्रथम चरण में दिया जायेगा। समय पर ऋण वापसी के पश्चात बैंक द्वारा 3 लाख रुपये तक का लोन दिया जा सकेगा।

एलडीएम गौतम शर्मा ने बताया कि स्व-रोजगार की योजनाओं में प्राप्त ऋण का सदुपयोग कर युवा बैंक को ऋण राशि की वापसी समय पर करेंगे, तो उनकी साख और सिविल अच्छी रहेगी। अच्छी साख वाले हितग्राहियों को अगला लोन देने के लिये सभी बैंकर्स तत्पर रहते हैं। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण श्री शुक्ला ने बताया कि पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के हितग्राहियों को उद्यम योजना और स्व-रोजगार की योजनाओं में 1 लाख से 50 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है। खादी ग्रामोद्योग के सहायक संचालक सत्य सागर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी।मध्यप्रदेश डे आजीविका मिशन ग्रामीण की जिला परियोजना प्रबंधक अंजुला झा ने बताया कि मिशन की योजनाओं में महिलाओं को सीसीएल के माध्यम से 6 लाख रुपये और मुद्रा योजना में व्यक्तिगत रुप से 1 लाख रुपये तक का ऋण स्व-रोजगार के लिये दिया जाता है। सतना जिले में आजीविका मिशन के स्व-रोजगार के 90 करोड़ रुपये निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 76 करोड़ रुपये का ऋण वितरण कर 84



प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत डॉ झाड़े ने रोजगार मेले में सांकेतिक रुप से मुद्रा योजना में राजललन गोंड़ को एक लाख रुपये का चेक, आजीविका मिशन की 65 महिला स्व-सहायता समूहों को 1 करोड़ 15 लाख रुपये का चेक और इंडियन बैंक द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों को स्वीकृत 1 करोड़ 50 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।रोजगार मेलों में अब तक 18919 युवाओं को स्व-रोजगार के लिये 281 करोड़ 54 लाख रुपये की सहायता रोजगार मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एस.एल पांडेय ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार वित्त सहायित शासकीय स्व-रोजगार की योजनाओं में प्रतिमाह रोजगार दिवस का आयोजन कर हितग्राहियों को स्व-रोजगार के लिये राशि स्वीकृत, वितरण की जा रही है। सतना जिले में अब तक आयोजित स्व-रोजगार मेलों के माध्यम से 18 हजार 919 युवा उद्यमियों को स्व-रोजगार स्थापित करने 281 करोड़ 54 लाख रुपये की आर्थिक मदद उपलब्ध कराई गई है। इनमें वित्तीय वर्ष 2022-23 के रोजगार मेलों में 16 हजार 618 युवाओं को दी गई 198 करोड़ 27 लाख 84 हजार रुपये की सहायता भी शामिल है।मकर संक्राति महोत्सव के अवसर पर युवाओं एवं महिलाओं के कल्याण केंद्रित आज के रोजगार मेले में 22 सितंबर 2023 से लेकर 11 जनवरी 2024 तक के 679 हितग्राहियों को 23 करोड़ 84 लाख 45 हजार रुपये की ऋण अनुदान सहायता दी गई है। जिनमें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 273 हितग्राहियों को 9 करोड़ 72 लाख 70 हजार, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 69 हितग्राहियों को 3 करोड़ 31 लाख 40 हजार, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 148 हितग्राहियों को 27 लाख 90 हजार, ग्रामीण आजीविका मिशन में 2 हितग्राही को 4 लाख, शहरी आजीविका मिशन व्यक्तिगत में 4 हितग्राहियों को 12 लाख, शहरी आजीविका मिशन समूह में 4 समूहों को 4 लाख, ग्रामीण पथ विक्रेता योजना में 44 हितग्राही को 4 लाख 40 हजार, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 31 हितग्राहियों को 272 लाख 75 हजार तथा अन्य योजनाओं में 122 हितग्राहियों को स्व-रोजगार स्थापित करने 7 करोड़ 55 लाख 30 हजार रुपये की सहायता उपलब्ध कराई गई है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन मालनपुर हनुमान चौराहे पर किया गया









**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर नगर परिषद मालनपुर द्वारा गुरुवार को हनुमान चौराहा विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद आंगनवाड़ी अधिकारी बैंक कर्मचारी पटवारी और नगर परिषद अधिकारी कर्मचारियों द्वारा केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा जिसेसे सबसे ज्यादा गरीबी रेखा के कार्ड खाद्यान्न पर्ची आवास योजना मकान के फॉर्म ज्यादा लेते- देखे भारत संकल्प यात्रा शिविर में हितकारी को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता स्थानीय निवासी लक्ष्मी नारायण शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा मेरा शासकीय कर्मचारीयों से अनुरोध है कि भारत सरकार की योजनाएं से कोई वंचित न रह जाए उन्होंने मंच से कहा कि देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनता के लिए जो योजना चलाई जा रही है उसको शीघ्र ही अमल में लाया जाए इस संकल्प यात्रा के प्रभारी कमल सिंह तोमर ने भगवान श्री राम के जन्म स्थल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले 500 साल पूर्व से श्री राम लाल टेंट में बैठे हुए थे परंतु आज भारत एक करोड़ 40 लाख जनता के इच्छा अनुसार 22 जनवरी को राम लला कि प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन रखा गया है इसलिए 22 जनवरी 2024 को अपने-अपने घरों में मंदिरों में पांच पांच घी के दीपक अवश्य जलाएं शिविर आयोजन पर बल देते हुए कहा है कि जो हितग्राही किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया है बता दें कि उसकी प्राप्ति अवश्य प्राप्त करें इस शिविर का संचालन राजस्व निरीक्षक हरपाल सुमन द्वारा किया गया इस संकल्प यात्रा में उपस्थित रहे एडोरी सर्किल नायब तहसीलदार राकेश कुमार श्रीवास्तव नगर परिषद अध्यक्ष राजश्री मुकेश किरार नगर परिषद सीएमओ यशवंत राठौर, बिजली विभाग डी जी एम हरीश मेहता, स्वच्छता इंस्पेक्टर राघवेंद्र शर्मा, मालनपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य उमा सिंगल, पूर्व सरपंच लोकेंद्र सिंह गुर्जर, पटवारी, आदित्य कुशवाह, संजय शर्मा, आर आई नरेंद्र सिंह सिकरवार, नगर परिषद इंजीनियर प्रशांत सिंह, सूरज परमार, रोकी जैन, वार्ड नंबर 14 पार्षद वीना जैन विनोद जैन, इमरान खान, अवजोन, कौशल प्रजापति आदि मौजूद रहे

# देश में बिजली का 40/ हिस्सा गैर परंपरागत स्रोतों से करने की दिशा में मध्यप्रदेश की भी भागीदारी रहेगी: मंत्री श्री शुक्ला

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया**

**भोपाल/भिण्ड ।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा की आज की प्रमुख आवश्यकता है ऊर्जा यानी कि बिजली। गैर परंपरागत स्त्रोतों से 2030 तक देश की 40त्न बिजली का उत्पादन करने का लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी जी का है। बिजली के गैर परंपरागत स्त्रोतों को अपने आप में समाए हुए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उर्जा के प्रति विजन के प्रति कृत संकल्पित है।

**नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने मंत्रालय में अपने कक्ष में पूजा-** अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा में तेजी से परिवर्तन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक जरूरी है। कोयला, तेल और गैस के जलने से होने वाला जलवायु परिवर्तन पहले से ही दुनिया भर के समुदायों, अर्थव्यवस्थाओं और पारिस्थितिक तंत्र को हानि पहुँचा रहा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने का सबसे आसान तेज और सबसे प्रभावी तरीका नवकरणीय ऊर्जा और भंडारण पर आधारित ऊर्जा की ओर हमें आगे बढ़ाना होगा। जिससे 2030 तक बिजली उत्पादन का 40त्न हिस्सा गैर परंपरागत स्त्रोत से पूरा किया जाना है। जिसके लिए हम सब कृत संकल्पित होकर जुट जाये।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री ओपीएस भदोरिया,विधायक भिण्ड नरेंद्र सिंह कुशवाह जनप्रतिनिधि,विभाग के अधिकारियों ने मंत्री शुक्ला को कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी।

## इंस्पायर अवार्ड जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी संपन्न

# बालाघाट जिले से 33, सिवनी जिले से 85 तथा मण्डला जिले से 10 इस प्रकार कुल 128 विद्यार्थियों में से 86 अवार्डी विद्यार्थी उपस्थित

बालाघाट भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी टेक्नालॉजी विभाग द्वारा देश की उन्नति एवं विकास के लिए भावी वैज्ञानिक तैयार करने के उद्देश्य से सन 2010 से प्रति वर्ष इंस्पानयर अवार्ड प्रदान किया जाता है। शासन के निर्देशानुसार इंस्पायर अवार्ड जिला स्तरीय मानक विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारम्भ 10 जनवरी 2024 को श्रीमती रेखा बिसेन पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बालाघाट के मुख्यद आतिथ्य में , श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, अध्यक्ष नगपालिका परिषद बालाघाट की अध्यक्षता एवं श्रीमती भारती पारधी तथा श्वेता जैन पार्षदगण नगपालिका परिषद बालाघाट के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इंस्पारयर अवार्ड जिला स्तरीय मानक विज्ञान प्रदर्शनी का समापन दिनांक 11 जनवरी 2024 को विधायक बालाघाट श्रीमती अनुभा मुंजारे के मुख्य् आतिथ्य?, श्री सम्राट सिंह सरस्वार अध्यक्ष जिला पंचायत बालाघाट की अध्यक्षता एवं श्री योगेश (राजा) लिल्हारे के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। दोनों कार्यक्रमों का शुभारम्भ सरस्वती पूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वरती वंदना से किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्यारय द्वारा इंस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज प्रत्येक बच्चे को जीवन में विज्ञान के प्रति रूचि लेने की आवश्यकता है। साथ ही अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा को परिष्कृत कर विश्व? पटल पर एक पहचान देने की आवश्यकता है। साथ ही उनके प्रस्तुत मॉडलों में मौलिकता भी होनी चाहिए। उन्होने अवार्डी छात्रों को अपने मॉडल की सम्पूहर्ण जानकारी निम्संकोच होकर निर्णायकों के सामने प्रस्तु?त करने का आव्हान किया । इंस्पायर अवार्ड जिला स्तरीणय मानक विज्ञान प्रदर्शनी 2022-23 के इस क्लस्टरन में बालाघाट जिले से 33, सिवनी जिले से 85 तथा मण्डला जिले से 10 इस प्रकार कुल 128 विद्यार्थियों में से 86 अवार्डी विद्यार्थी उपस्थित हुए । जिनमें से राज्य स्तर के लिए कुल 09 विद्यार्थियों के मॉडल चयनित हुए। जिनमें निखिल बघेल, पिता श्री सुरेन्द्र बघेल, कक्षा 10वीं, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी मॉडल- न्यूी एडवांस काउडंग स्मेतरिंग मशीन, सिरोमनी दहीकर पिता श्री शिवनारायण दहीकर कक्षा 10वीं, शाउवि लांजी मॉडल- टू रिड्यूश द काम्लेम क्सिटि आफ मेकिंग लोटस सिल्कश, धन्नजय ठाकरे पिता कोदूराम ठाकरे कक्षा 10वीं, शाउमावि किन्हीय मॉडल- थ्री इन वन फेन, विदांसु सनोडिया पिता मस्त राम सनोडिया कक्षा 10वीं, शाउमावि पिपरडही मॉडल-ग्रेनुलेशन मशीन, देवांशु उइके पिता श्री लेखराम उइके कक्षा कक्षा 08वीं, शासकीय हाईस्कूकल सादकसिवनी मॉडल- सीड ड्रील फार कार्न एण्डइ वेजिटेबलस, वारासिवनी मॉडल फिंगरप्रिन्ट डोर लॉक, दिशा पटले पिता श्री पितमसिंह पटले कक्षा 10वीं,




10वीं, शासकीय हाईस्कूल बोरीकला, मॉडल- इडेबल टी कप, मेघा डेहरिया पिता दशरथ डेहरिया, सुजाल पटले पिता विनोद पटले कक्षा 10वीं, शाटिबा उत्कृकष्टी सीएम राईज विद्यालय शाउमावि तखलाकला मॉडल-बायसिकल बाय क्लाडइंब ऑन द कोकनट ट्री, श्रुति नागेश्वर पिता अजय नागेश्वर कक्षा 9वीं, शाउमावि सरेखा मॉडल-लो स्पेलश कार पार्किंग डिवाईस का चयन राज्यत स्तिरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन श्री उमेश शर्मा शिक्षक एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 मनोज कुमार जैन प्राचार्य शामलबा कन्याक उमावि बालाघाट द्वारा किया गया। अवार्डी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुात मॉडलों का अवलोकन उपरांत चयन विद्वान निर्णायकों श्री विरल चौधरी सीनियर प्रोजेक्ट। एसोसियेट गांधीनगर गुजरात, श्री मुकेश बिसेन सहायक प्राध्याचपक शामवि लामता एवं डॉ. ऋषभ बिसेन सहायक प्राध्योपक शा महा विद्यालय मलाजखण्ड द्वारा किया गया । इंस्पायर अवार्ड जिला स्त रीय मानक विज्ञान प्रदर्शनी 2022-23 को सफल बनाने में कलेक्टधर जिला बालाघाट डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के संरक्षण एवं जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट श्री अश्विनी कुमार उपाध्या य के कुशल मार्गदर्शन में, श्री एनपी मलगाम प्राचार्य डाईट, सहायक संचालक श्री जीडी नाईक, श्री सीएस मेरावी, जिला विज्ञान अधिकारी श्री शरद कुमार खण्डेशलवाल प्राचार्य, डॉ. युवराज राहंगडाले प्राचार्य, श्री एसके तुरकर प्राचार्य, श्री मोहन बोपचे प्राचार्य, श्री दिलीप बावनकर सहाप्रा, श्री हुमराज पटले उप प्राचार्य उपस्थित रहे।

# क्राईम ब्रांच ग्वालियर की कार्यवाही,क्राइम ब्रांच ने सागरताल के पास थार गाड़ी में ऑनलाइन सट्टा लगवा रहे अलवर के दो सटोरियों को पकड़ा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश चंदेल,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा तथा अवैध शराब व मादक पदार्थो की खरीद-बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान दिनांक 10.01.2024 को क्राईम ब्रांच ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति सागरताल के पीछे काले रंग की थार गाड़ी में बैठकर ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से सट्टा लगाने का कार्य कर रहे है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर से अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध/यातायात) श्री ऋषिकेश मीना,भापुसे द्वारा थाना क्राइम ब्रांच की टीम को उक्त सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में डीएसपी अपराध श्री षियाड़ के.एम.,भापुसे एवं डीएसपी अपराध द्वितीय श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुशल मार्गदर्शन मेंथाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार ने क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर के बताये स्थान सागर ताल रोड बहोड़ापुर पर कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को सागरताल के पीछे खाली मैदान में एक काले रंग की थार गाड़ी खड़ी दिखी, जिसके अंदर दो व्यक्ति मोवाइल पर कुछ कार्य करते दिखे, जिन्होने पुलिस ट ीम को अपनी ओर आता देखकर गाड़ी स्टार्ट कर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उन्हे पकड़ लिया गया। पकड़े गये दोनो व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर पहले ने स्वयं को सूर्यनगर अलवर राजस्थान हाल निवासी सूरजविहार कालोनी बहोड़ापुर तथा दूसरे ने कमलपुरा वहला अलवर राजस्थान हाल निवासी सूरजविहार कालोनी का रहने वाला बताया। पुलिस टीम ने ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति के हाथ में लिये वीवो कंपनी के मोवाइल को खोलकर चैक किया तो मोबाइल फोन की स्क्रीन पर टैलीग्राम एप पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने की एप्स खुली हुई पाई गयी जिनके माध्यम से यह लोग ग्रुप में रुपयों की हार-जीत का दांव लगाकर ऑनलाइन ट्रान्जेक्शन कर सट्टा खिला रहे थे। इनके पास मिले मोवाइल को चैक करने पर उसमें पेटीएम पेमेन्ट के काफी सारे स्क्रीन शॉट्स के ड़ोटो पाये गये। जिनके संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि यह स्क्रीन शॉट्स सट्टा लगाने वाला व्यक्ति हमें पेमेन्ट कर देता है उसके स्क्रीन शॉट्स है। दोनों व्यक्तियों के मोबाइल में टेलीग्राम ग्रुप बने हुये थे जिनमें क्यूआर कोड़ से रूपयों का लेन देन किया जा रहा था। उक्त दोनों व्यक्तियों का कृत्य धारा 4 (क) मट्टा अधिनियम के तहत दण्डनीय होने से दोनो आरोपियों को पकड़ा जाकर उनके खिलाफ थाना क्राइम ब्रांच में अप0क्र0-04/24 धारा धारा 4 (क) का प्रकरण कायम कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त काले रंग की थार गाड़ी एवं सात मोवाइल फोन को जप्त किया गया। पुलिस को पकड़े गये सटोरियों के मोबाइल में लाखों का हिसाब भी मिला है।

**बरामद मशरूका-** काले रंग की थार गाड़ी एवं सात मोवाइल फोन

**सराहनीय भूमिका-** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार, उनि0 राहुल अहिरवार, प्र.आर0 हरेन्द्र गुर्जर, आर0 जसवीर गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, सुमित शर्मा, रणवीर शर्मा, आर0 चालक राजकुमार जाट की सराहनीय भूमिका रही।



# मध्यप्रदेश के बार्डर में स्थित ग्राम पंचायत मट्टा पंहुचा विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा

## दूरस्थ अंचल के ग्रामीण किसानों ने ड्रोन से देखा दवा का छिड़काव,विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की दी जा रही जानकारी



**एमसीबी/चिरिमिरी** /मनेन्द्रगढ़-बिगत दिवस केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ में 16 दिसंबर से अनवरत चालू है। इसी कड़ी में आज विकासखण्ड भरतपुर के दूरस्थ अंचल मध्यप्रदेश बार्डर से लगा हुआ ग्राम पंचायत मट्टा में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ वैन पंहुचा। जिसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिये वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप कार्यक्रम में बड़े स्तर पर भीड़ जमा हो रही है। जिसके अंतर्गत जिले में चिन्हित किये गये स्थानों में प्रशासनिक अमला शिविर स्थल में आए आमजन को शासन की अनेक योजनाओं से जोड़ने तथा उससे उनको लाभ दिलाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में सम्मिलित योजनायें- आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाईजर इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विध्यालय में पंजीयन, स्कॉलरशीप योजना, वन अधिकार पट्टा-व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन विकास केन्द्र शामिल है। कार्यक्रम स्थलों पर मोबाइल वैन रथ का स्वागत गीत व नृत्य के साथ किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में समूह की दीदियों द्वारा धरती कहे पुकार एवं स्कूली छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में मेरी जुबानी मेरी कहानी के अन्तर्गत अलग-अलग योजनाओं से



हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किया। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। कार्यक्रम में वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि ड्रोन डेमोन्सट्रेशन व स्वॉइल हेल्थ कार्ड डेमोन्सट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। ड्रोन डेमोन्स्ट्रेशन के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव का प्रदर्शन कर आमजनों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही क्रिड़ प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं।

# अंडर ब्रिज की मांग को लेकर मोहल्लावासी ने दिया जौरा विधायक को ज्ञापन जौरा विधायक ने दिया आश्वाशन

**कैलारस** - कैलारस के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में ब्रॉडगेज निर्माण का कार्य जारी है इसी को लेकर कैलारस शासकीय अस्पताल के सामने परंपरागत रास्ते को रेल्वे विभाग द्वारा पूरी तरह बंद किया जा रहा है नागरिक गण शासकीय अस्पताल आने जाने तथा श्मशान और कब्रिस्तान जाने के परंपरागत रास्ते को बहाल रखने की मांग गत कई दिनों से कर रहे हैं थे परंतु कोई सुनवाई न तो रेलवे विभाग द्वारा की जा रही है और न हीं प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है कई बार जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन दे चुके है परंतु किसी तरह की कोई सुनवाई करने को कोई तैयार नहीं है। जनता परेशान है परंतु जनता की ओर किसी का कोई ध्यान नहीं है बही अस्पताल के सामने कृष्ण मार्ग पर के सामने मट्टी डाल कर बंद किया जा रहा है अंडर ब्रिज बनवाया जाए हम लोग कई दिनों से धरना दे रहे है




अंडर ब्रिज बनाने को लेकर सेकड़ो लोगों ने जौरा विधायक पंकज उपाध्याय को ज्ञापन देते हुए कहा कि कृष्ण मार्ग के रास्ते को बही जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने उपस्थित सेकड़ो लोगो को अस्वाशन दिया कि आप लोग परेशान न हो प्रशाशनिक एव रेल्वे के बरिष्ट अधिकारियों से बात की जाएगी और अंडर ब्रिज बनाया जाए क्यो की रेल्वे विभाग द्वारा पहले आश्वाशन दिया गया था की कृष्ण मार्ग पर अंडर ब्रिज बनाया जाएगा लेकिन अब इस रास्ते को मिट्टी डाल कर बंद किया जा रहा हैं लेकिन यह रास्ता बंद नही होगा बही उन्होंने सबलगढ अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र कटारे को अस्पताल के सामने अंडर ब्रिज बनाने के लिए पत्र लिखा बही ज्ञापन देने बालो में रतीराम जाटव,रघुनंदन शाक्य, सुनील शाक्य, जगमोहन, मुलायम, नवाब, सतेन्द्र, श्यामलाल, सहित सेकड़ो महिला पुरुष बच्चे मौजूद थे

# घर-घर दीप जलाए, मंदिर स्वच्छ बनाये- विष्णु खत्री

बैरसिया। रामलला 22 जनवरी को विराजने वाले है। ऐसा शुभ दिन वर्षो बाद आया है। इस सौभाग्यशाली दिन पर सभी अपने-अपने घरों में दीप जलाए और 22 जनवरी से पहले अपने आसपास के मंदिरों में साफ-सफाई कर मंदिरों को स्वच्छ बनाये। यह बात बैरसिया विधायक विष्णु ने रविवार को बबचिया स्थित सिद्धेश्वर घाट पर आयोजित रामकथा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि 22 जनवरी के दिन सभी खुशियां मानये। एक दूसरे को बधाई दे। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभग्य है कि हम इस दिन के साक्षी बनेंगे।

**एक टीन शेड और स्वागत द्वार बनाने की घोषणा**-विधायक विष्णु खत्री ने कथा के दौरान सिद्धेश्वर घाट पर 10 लाख रुपए की लागत से टीन शेड निर्माण और एक स्वागत द्वार निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की है। जल्द ही उक्त स्थान पर यह कार्य किये जायेंगे।




# राजस्व महाअभियान आज से होगा शुरू - कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश



**रीवा** जिले की सभी तहसीलों में 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि राजस्व महाअभियान का मुख्य उद्देश्य लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करना है। सभी एसडीएम तथा तहसीलदार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक ग्राम मे राजस्व महाअभियान आयोजित करें। पटवारी हर गांव में बी-1 का वाचन करें, मृत भू-स्वामियों के फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज कर उसका शत-प्रतिशत निराकरण करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों की अभियान की अवधि में शत-प्रतिशत आधार सीडिंग तथा आधार ईकेवाइसी अपडेशन का कार्य पूरा करायें। इसके लिए ग्राम रोजगार सहायकों का सहयोग लें। अभियान के दौरान सभी तहसीलदार, पटवारियों एवं राजस्व निरीक्षकों को सीमांकन के लक्ष्य निर्धारित करें। इन लक्ष्यों को पूरा कराकर लंबित प्रकरणों के संबंध में प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अभियान के दौरान लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए नियमित रूप से सुनवाई करें। लंबित प्रकरणों में पटवारियों की डय़ूटी लगाकर उनके प्रतिवेदन दर्ज करायें। राजस्व न्यायालयों में 6 माह से अधिक अवधि से लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। एसडीएम पूरे अभियान की मॉनीटरिंग करें। सभी तहसीलों में अभियान के लिए कंट्रोल रूम बनायें। अभियान की गतिविधियों की प्रतिदिन रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करें। अभियान के दौरान जमीन से अवैध कब्जा हटाने की भी कार्यवाही करें। अभियान के दौरान खसरें में सुधार तथा नक्शा तरमीम के लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करें। इसके लिए पटवारियों और कम्प्यूटर आपरेटर की पृथक से डय़ूटी लगायें।

# कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम ने जीता संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

## कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम ने 38 रनों से जीत की दर्ज

सरगुजा - अंबिकापुर के नगर सेना क्रिकेट ग्राउंड में संचालित संभाग स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम व जशपुर एवं बलरामपुर की संयुक्त टीम के मध्य खेला गया जिसमें कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम 38 रनों से विजेता रही। प्रतियोगिता के पहले लीग मैच में कोरिया की टीम ने एसडीआरएफ अंबिकापुर एवं दूसरे लीग मैच में जशपुर की टीम को हराकर दूसरे चरण में प्रवेश किया जहां 3 जोन में विभाजित टीमें साउथ जोन में कोरिया एवं सूरजपुर, मध्य जोन में अंबिकापुर एवं एसडीआरएफ नॉर्थ जोन में जशपुर एवं बलरामपुर की संयुक्त टीमों के बीच मुकाबला हुआ। संयुक्त टीमों के बीच हुए मुकाबले में कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम ने अपना पहला



मुकाबला 13 जनवरी को जशपुर एवं बलरामपुर की टीम से एवं दूसरा मुकाबला 14 जनवरी को अंबिकापुर एवं एसडीआरएफ की टीम से जीता एवं दिनांक 14 जनवरी को ही खेले गए फाइनल मुकाबले में जशपुर एवं बलरामपुर की संयुक्त टीम को हराकर विजेता का शील्ड अपने नाम किया।गौरतलब है कि संभागीय सेनानी नगर सेना, एसडीआरएफ, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं सरगुजा संभाग राजेश पाण्डेय के पहल पर शानदार विभागीय खेलकूद गतिविधियों का संचालन हो रहा है जिससे जवान स्वस्थ एवं फिट व तंदुरुस्त रहते हैं। उक्त पूरे प्रतियोगिता के दौरान एसडीआरएफ सरगुजा टीम के कप्तान संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय, सूरजपुर टीम के कप्तान जिला सेनानी संजय गुप्ता, बलरामपुर टीम के कप्तान जिला सेनानी शिव कुमार कठौतिया, जशपुर टीम के कप्तान सहायक उप निरीक्षक एम सोनपाकर एवं कोरिया टीम के कप्तान लांस नायक महेश मिश्रा के साथ खिलाड़ी व दर्शक गण उपस्थित रहे।

# पुराने और प्रदेश के पत्रकारों के बड़े संगठन..सदभाव पत्रकार संघ छत्तीसगड़ का प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन-आम सभा-परिचर्चा- सम्मान समारोह एवम नववर्ष मिलान समारोह शिवरीनारायण में हुआ सम्पन्न| बडी संख्या में प्रदेश भर से पहुँचे पत्रकार|प्रदेश अध्यक्ष आर डी गुप्ता जी के नेतृत्व में प्रदेश के लगभग 300 पत्रकारों ने पत्रकार सम्मेलन में लिया भाग

## पत्रकारों के सम्मान के लिए संगठन हमेशा रहेगा तत्पर..सरकार और पत्रकारों के बीच बढेगा सामंजस्य...आर डी गुप्ता।



शिवरीनारायण-जांजगीर चाँपा--- सदभाव पत्रकार संघ छत्तीसगड़ का प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन-आम सभा-परिचर्चा-सम्मान एवम नववर्ष मिलान समारोह- माता शवरी के पवित्र तपोभूमि एवम माँ महानदी के ऊर्जा भरे तट पर तथा भगवान शवरीनारायण के गोद मे सम्पन्न हुआ। प्रदेश भर से लगभग 300 पत्रकारों ने सम्मेलन में भाग लेने पहुँचे, साथ ही पत्रकारों के सम्मान के साथ साथ प्रतिभावान छात्र छात्राओं, स्वास्थ बिभाग, शिक्षक, समाजसेवियों,स्कूल के बच्चों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनप्रतिनिधयों सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्तओं सहित लगभग 100 लोगो का भी सम्मान किया गया। इस तरह से कुल लगभग 400 लोगों ने पत्रकार सम्मेलन में भाग लिया।सदभाव पत्रकार संघ छत्तीसगड़ इकाई शिवरीनारायण द्वारा आयोजित 13/01/2024 शनिवार को सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बिधायक पामगड़ श्रीमती शेषराज हरबंश जी, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्री मती अंजनी तिवारी जी, बिशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजेन्द्र यादव जी उपाध्यक्ष न प शिवरीनारायण,श्री मनोज तिवारी जी पार्षद,सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम की सुरुआत में सदभाव पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष आर डी गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष डी सी बघेल संभागीय अध्यक्ष बिलासपुर कन्हैया यादव सहित सभी पदाधिकारियों ने माँ सरस्वती जी छत्तीसगड़ महतारी के चित्र पर पुष्प हार चड़ा कर दीप प्रज्वलित कर श्रीफल चड़ाकर पूजा आरती कर कार्यक्रम की शरुआत की। मंच संचालन शरद पाण्डे जी ने किया,मंच पर स्कूल के नन्हे बच्चों ने जबरदस्त अति सुंदर प्रस्तुति दी, मेरी कुटिया के भाग जाग जाएंगे-राम आएंगे की प्रस्तुति और पात्र ने सभी का मन मोह लिया सभी बच्चों को परस्कृत किया गया।मंच पर बिराजमान मुख्य अतिथि पामगड़ बिधायक श्रीमती शेषराज हरबंश जी, और कार्यक्रम की अध्यक्ष श्री मती अंजनी तिवारी जी, विशिष्ट अतिथिगणों के साथ संघ के प्रदेश अध्यक्ष आर डी गुप्ता, डीसी बघेल,सकील अहमद अंसारी,नाथू राम पयासी, एमपी गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंचस्थ अतिथियों का स्वागत शिवरीनारायण इकाई जांजगीर चाँपा के जिला अध्यक्ष सत्य ओमप्रकाश जिला संरक्षक अशोक गुप्ता सभी पदाधिकारियों सहित सभी पत्रकारों ने पुष्पगुच्छ, और पुष्पाहार से अतिथियों का हार्दिक सम्मान किया।मुख्य अतिथि पामगड़ बिधायक शेषराज हरबंश जी न.प. अध्यक्ष अंजली तिवारी जी, संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डीसी बघेल जी ने पत्रकारों को सम्बोधित किया और नववर्ष की बधाई दी।वही सदभाव पत्रकार छत्तीसगड़ के प्रदेश अध्यक्ष आर डी गुप्ता जी ने भी पत्रकार सम्मेलन में सभी को नव वर्ष की बधाई दी और सभी के एकजुट हो कर निष्पक्षता से सरकार और समाज के बीच ताल मेल बना कर कार्य करने की बात कही समाज मे सरकारों की योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ जमीनी हकीकत को अवगग कराने की महत्व पूर्ण जिम्मेदारी पत्रकार निभाते है इस लिए पत्रकारों को कई बार जोखिम भी उठानी पड़ती है। ऐसी स्थिति में पत्रकारों के साथ साशन प्रशासन जनप्रतिनिधियों की भी निष्पक्षता से साथ देना चाहिए।




और यही सोच पत्रकारों को भी रखनी होगी तभी समाज का बिकाश अच्छे से होगा। पत्रकार समाज की प्रमुख कड़ी है कही भी पत्रकारों के साथ अन्याय होगा तो संगठन उनकी मदद के लिए हमेशा खड़ा रहेगा,और पत्रकार सुरक्षा कानून का लाभ सभी पत्रकारों निष्पक्षता के साथ मिले इसके लिए प्रयास जारी रहेंगे।।प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन और आम सभा में,सर्वसम्मति से बिना किसी प्रतिद्वंदिता के कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए, सदभाव पत्रकार संघ छत्तीसगड़ का प्रदेश संगठन आर डी गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पत्रकारों के हित मे निरंतर कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा,सर्व सम्मति से बिलासपुर संभाग अध्यक्ष की जिम्मेदारी कन्हैया यादव जी को दी गई। वंही जिला अध्यक्ष बिलासपुर की जिम्मेदारी रामगोपाल भार्गव को और जिला कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी भूषण श्रीवास मोपका को दी गई कार्यकारणी का बिस्तर शीघ्र किया जाएगा।संभाग उपाध्यक्ष कोरिया की नई जिम्मेदारी अम्बिकापुर के वरिष्ठ पत्रकार संपादक श्री एम पी गुप्त जी को दी गई, सकील अंसारी जी को जिला अध्यक्ष-एमसीबी की जिम्मेदारी दी गई, नाथू पयासी जी को संभाग उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। मुंगेली से जिला अध्यक्ष विनोद रायसागर उपाध्यक्ष आनन्द गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी भी सर्वसम्मति से बनाये गए।शिवरीनारायण जांजगीर चंपा के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सत्य ओमप्रकाश कश्यप को जिला संरक्षक की जिम्मेदारी अशोक गुप्ता को शिवरीनारायण में उमाशंकर साहू को जिला सचिव, मोहर सिंह को जिला संगठन सचिव भरत को अध्यक्ष शिवरी नारायण,शुभम मिश्र को जिला सह सचिव, अजय जाहिरे को ब्लाक अध्यक्ष नवागड़ बनाया गया।

सक्ती से भी जिला सहित ब्लाकों के कई पदाधिकारी बनाये गए रायपुर और रायगड़ से भी पदाधिकारी बनाये गये। पामगड़,रहौद, बलौदा बाजार से भी गठन किया गया कोटा और कोरबा से भी पदाधिकारी बनाये गए। डीसी बघेल जी प्रदेश कार्यकरी अध्यक्ष बनाये गए साथ ही बिलासपुर से सतेंद्र वर्मा और मनीष शर्मा जी को भी प्रदेश की नई जिम्मेदारी दी गई। और कई जगह के जिला, ब्लाक के पदाधिकारी बनाये गए ।सदभाव पत्रकार संघ पत्रकारों एवम समाज हित मे निरंतर कार्य करता रहेगा कोरोना काल भी संघ के पत्रकार साथियों ने अहम भूमिका निभाई थी। समाज और सरकार से तालमेल बनाकर रचनात्मक कार्य भी किये जायेंगे, सबका साथ सबका विकास हमारा मूल मंत्र होगा। बिलासपुर संभाग को छोड़कर बांकी समस्त जिला, ब्लाक संभाग इकाइयां, प्रदेश सहित यथावत कार्य करती रहेंगी। जंहा जरूरी होगा वंहा परिवर्तन किया जाएगा, और अभी किया गया है।

# ग्वालियर में उप सरपंच पति और ग्रेस पीसीआर ने 5 जिंदा लोगों को बनाया मुर्दा, हड़प लिए अंत्योष्टि के लाखों रुपये

मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में सरकारी राशि हड़पने के लिए जिंदा लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के सनसनी खेज मामले का खुलासा हुआ है. इस भ्रष्टाचार को ग्रेस पीसीआर और उप सरपंच के पति ने मिलकर अंजाम दिया. इन्होंने 5 हजार रुपये की अंत्येष्टि राशि और 2 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि को फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर हड़प लिया. इस मामले में वर्तमान जिला पंचायत ने शिकायत दर्ज कराते हुए जिला पंचायत सीईओ से जांच करने की मांग की थी. जांच में पता चला है कि सहायक उप सरपंच, सचिव और पीसीओ की मिली भगत से फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया.ग्वालियर जिला पंचायत के भितरवार जनपद की ग्राम पंचायत किठोदा में सरकारी राशि हड़पने के लिए जिंदा लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का मामला सामने आया है. यहां मिलने वाली राशि को ग्रेस पीसीआर और उप सरपंच के पति पंचम वर्मा की मिली भगत से पांच हजार रुपये की अंत्येष्टि राशि और दो लाख रुपये की अनुग्रह सहायता को फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर हड़प लिया गया. फर्जीवाड़ा की जानकारी सरपंच को उस वक्त लगी, जब वे गांव के ही एक व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसका मृत्यु प्रमाण पत्र लेने के लिए दुकान पर पहुंचे. यहां कियोस्क संचालक ने उन्हें गांव के पांच लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र




**कैसे हुए फर्जीवाड़े का खुलासा**–मृत्यु प्रमाण पत्र देख सरपंच के पांव के नीचे से जमीन खिसक गई और वह घबरा गए, क्योंकि जिन लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र कियोस्क संचालक ने दिये गए उनमें से सभी लोग जिंदा थे और गांव में मौजूद हैं. इस मामले में सरपंच ने तत्काल जिला पचांयत ने सीईओ से शिकायत दर्ज कराई. जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर जांच दल ग्राम पंचायत पहुंचा और जांच शुरू की. जांच में पाया गया कि सहायक उप सरपंच, सचिव ,पीसीओ की मिली भगत से ही फर्जीवाड़े की वारदात को अंजाम दिया गया है.

**ग्रामीणों का धमकी देता था सहायक सचिव**–बता दें कि जांच दल को सभी पांच लोग जिंदा मिले, जिनके मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने गए थे. जांच दल ने सहायक सचिव भीकम जाटव, उप सरपंच पति पंचम वर्मा और पीसीओ जयधर राम पटेल को खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है. ग्रामीणों ने जांच दल को बताया कि सहायक सचिव भीकम जाटव उन्हें धमकी दे रहा है. सहायक सचिव भीकम जाटव ग्रामीणों से शिकायत करने पर जहर खाकर आत्महत्या कर लेने और झूठे केस फंसाने की लगातार धमकी दे रहा है.

**विकास कार्यों की होगी जांच**–इस संबंध में जनपद भीतरवार सीईओ एलएन पिपल ने बताया कि ÷फर्जीवाड़े के इस मामले में जांच दल ने पांच जिंदा लोगों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के मामले की जांच पूरी कर ली है. इन लोगों ने मृत्यु प्रमाण पत्र का इस्तेमाल सरकारी योजनाओं की राशि हड़पने के लिए किया था. जिनमें से तीन लोगों के (संबल) अनुग्रह सहायता राशि दो- दो लाख रुपये स्वीकृत हुए थे.÷ उन्होंने बताया कि ÷सभी प्रकरणों को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है और उनके द्वारा पंचायत में किए सभी विकास कार्यों की जांच की जा रही है. फिलहाल आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं.÷

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने के लिए सांची और अमूल की संयुक्त बैठक ली



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के दूध उत्पादकों से दूध की खरीद सुनिश्चित करने और डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए सांची और अमूल की संयुक्त बैठक ली। अहमदाबाद में 10 जनवरी को देर रात तक चली बैठक में विभिन्न संभवानाओं पर विचार किया गया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुग्ध उत्पादकों के हितों और सहकारिता प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, प्रसंस्करण, विपणन, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, मानव संसाधन, डेयरी किसानों पर केंद्रित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में मध्य प्रदेश एवं गुजरात के सहकारी दुग्ध महासंघों और दुग्ध संघों की संयुक्त सहभागिता का रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए।बैठक में पशुपालन और डेयरी विकास राज्य मंत्री लखन पटेल, प्रबंध संचालक, गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (अमूल), जयेन मेहता, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री राघवेन्द्र सिंह, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग गुलशन बामरा, प्रबंध संचालक एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (सांची) डॉ. सतीश कुमार, गुजरात से अध्यक्ष पंचमहल दुग्ध संघ जेठाभाई भारवाड तथा मितेश मेहता, प्रबंध संचालक, पंचमहल दुग्ध संघ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अमूल तथा पंचमहल दुग्ध संघ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## युवा दिवस पर एक लाख से अधिक विद्यार्थी करेंगे सूर्य नमस्कार

### सीएम राइस पटेल में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम


महेंद्र शर्मा संपादक
पुष्पांजलि टुडे

**ग्वालियर ।** स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिन युवा दिवस के मौके पर 12 जनवरी को को जिले के सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों अन्य संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजित होगा। इस सूर्य नमस्कार महायज्ञ में जिले के जिले के एक लाख से अधिक विद्यार्थी सहभागता करेंगे जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार ने बताया कि जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शासकीय उमावि पटेल सीएम राइस राइस में आयोजित किया गया है जिसमें ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद विवेक शेजवलकर तथा सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के साथ-साथ अनेक जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, योग साधक एवं गणमान्य नागरिक भाग लेंगे ।इसी दिन जिले के




विद्यालयों, महाविद्यालयों, आश्रम शालाओं और ग्राम पंचायतों में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायक शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों की मदद से अधिक से अधिक जन-भागीदारी को सुनिश्चित किया जायेगा। जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने बताया कि सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 जनवरी को प्रात÷ 9 से प्रात÷ 10÷30 बजे तक होगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण और सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम संयोजक प्राचार्य श्री जितेंद्र सिंह भदोरिया ने आया कि बताया कि यह कार्यक्रम स्वैच्छिक है जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के बच्चे भाग लेंगे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में ग्वालियर को मिला देश में 16वाँ एवं प्रदेश में तीसरा स्थान




**ग्वालियर ।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत देशभर की नगर निगम, नगर पालिकाओं की रैकिंग दिल्ली में जारी की गई। ग्वालियर नगर निगम को देश भर में स्वच्छता में 16 वां स्थान मिला है, जबकि प्रदेश में ग्वालियर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर की स्वच्छता रैकिंग में सुधार के लिये सभी स्वच्छता मित्रों सहित स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग देने वालों के प्रति धन्यवाद देते हुए शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि ग्वालियर को स्वच्छता में अव्वल लाने के लिये हम सभी को पूरी क्षमता के साथ कार्य करना होगा। स्वच्छता के कार्य में सभी का सहयोग जरूरी है। नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने बताया है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में ग्वालियर नगर निगम का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इस बार नगर निगम ग्वालियर को वाटर प्लस भी मिला है। साथ ही देशभर के नगर निगम एवं नगर पालिकाओं में ग्वालियर की रैकिंग भी सुधरी है। ग्वालियर को इस बार देशभर में 16 वां स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर होगा प्रदेश में सामूहिक सूर्य नमस्कार




**ग्वालियर।** प्रदेश में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिन युवा दिवस के मौके पर सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजित होगा। इसी दिन प्रदेश के विद्यालयों, महाविद्यालयों, आश्रम शालाओं और ग्राम पंचायतों में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायक शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों की मदद से अधिक से अधिक जन-भागीदारी को सुनिश्चित किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम हजीरा स्थित सीएम राईज पटेल उ. मा. विद्यालय में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 जनवरी को प्रात÷ 9 से प्रात÷ 10÷30 बजे तक होगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण ौर सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम होगा। निर्देशों में कहा गया है कि सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में कक्षा-1 से 5 तक के बच्चों को शामिल न किया जाये।

## केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत से जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भेंट की

**भोपाल।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एक दिवसीय प्रवास पर इंदौर आये इस दौरान इंदौर एयरपोर्ट पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और विधायक रमेश मेंदोला ने उनकी अगवानी कर स्वागत किया। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सिलावट ने सौजन्य भेट कर केंद्रीय मंत्री शेखावत को प्रदेश में चल रही विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं मुख्यतः केन बेतवा राष्ट्रीय परियोजना, ई.आर.सी.पी. परियोजना के संबंध में केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत को जानकारी दी एवं केन्द्र सरकार से इन योजनाओं की समय अवधि में पूर्ण होने के संबंध में चर्चा की। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत ने प्रदेश में चल रही समस्त सिंचाई परियोजनाओं के सफल किन्यान्वयन के लिये आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने केंद्रीय मंत्री को अन्य परियोजना का संशोधित एमओयू भी प्रस्तुत किया। केन बेतवा परियोजना से संबंधित क्षेत्र की अन्य नदियों के संबंध में परियोजना की कार्य योजना भी प्रस्तुत की। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि केन-बेतवा परियोजना के द्वितीय चरण और उससे संबंधित परियोजना के लिये संशोधित कार्ययोजना बनाई जाकर प्रस्तुत की गई है। इससे ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिंचाई के लिये अतिरिक्त पानी उपलब्ध होगा और उद्योग धंधे लगने से रोजगार के हजारों अवसर के साथ जॉब भी उपलब्ध होगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री शेखावत को बताया कि संशोधित डीपीआर की मंजूरी से चंबल और ग्वालियर संभाग में रोजगार के साथ औद्योगिक विकास को भी बल मिलेगा।



सिंचाई के लिये दबाबयुक्त परियोजना लाने से अतिरिक्त रूप से हजारों हैक्टेयर भूमि पानी भी उपलब्ध होगा। केन्द्रीय मंत्री ने इस कार्ययोजना पर विस्तार करने का आश्वासन दिया और इसे जल्दी ही मंजूरी दिलाने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर इंदौर के विधायक रमेश मेन्दौला ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर केन्द्रीय मंत्री शेखावत का स्वागत किया। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा की मध्य प्रदेश द्वारा पार्वती उपकछार के वॉटरबजट में 182 मिघमी पानी का उपयोग कुम्भराज कॉम्पलेक्स में किये जाने से एक बांध के स्थान पर कुम्भराज कॉम्पलेक्स अंतर्गत दो बांध (कुम्भराज- 1 एवं कुम्भराज-2) को संशोधित एमओयू में रखा जाना प्रस्तावित है, दोनों राज्यों के मध्य पूर्व में जल बटवारे के अनुबंध को प्रभावित किये बिना जल का विनिमय कालीसिंध एवं अपर चंबल उपकछार में किया जाना प्रस्तावित है। इससे चंबल घाटी क्षेत्र में विकास की नई संभावना बनेगी। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत के संज्ञान में लाए जाने वाले बिन्दुओं में विगत 10 वर्षों में चम्बल नहर प्रणाली में म.प्र. को पार्वती एक्वाडक्ट पर अनुबंधित 3900 क्यूसेक डिस्चार्ज के विरूद्ध औसतन लगभग 2500-2600 क्यूसेक डिस्चार्ज सिंचाई हेतु प्राप्त हो रहा है।संशोधित पार्वती काली सिंध चम्बल लिंक परियोजना की हाइड्रोलाजी केन्द्रीय जल आयोग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य को उपलब्ध कराई गई है जिसका परीक्षण प्रक्रियाधीन है, परियोजना में प्रस्तावित मध्यप्रदेश को लाभांवित करने वाली परियोजनाओं के डीपीआर मध्यप्रदेश द्वारा तैयार कर फरवरी माह के अंत तक प्रस्तुत किया जाना भी प्रस्तावित है।

**केन-बेतवा लिंक एक राष्ट्रीय परियोजना-** केन-बेतवा लिंक परियोजना को वर्ष 2009 में नदी जोड़ो परियोजना अंतर्गत एक राष्ट्रीय परियोजना घेषित किया गया है। कार्य प्रारंभ के पश्चात 8 वर्षों में पूर्ण की जानी वाली इस परियोजना के लिये 44 हजार 605 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना प्रथम चरण के अंतर्गत परियोजना को एक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में केन्द्र सरकार द्वारा 90 (केन्द्र) तथा राज्य सरकार द्वारा 10 (राज्यों) के अनुपात में व्यय का निर्धारण किया गया है। इस परियोजना से बुन्देलखण्ड क्षेत्र अंतर्गत मध्य प्रदेश केन बेसिन में कुल 6.06 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई तथा उत्तर प्रदेश के 2.51 लाख हेक्टेयर कुल 8.56 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी तथा 62 लाख (मध्य प्रदेश 41 लाख . उत्तर प्रदेश 21 लाख) आबादी का पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी।

## लोहा व्यवसायियों ने बनाई सहमतिः दुकान के बाहर नहीं रखेंगे सामान, यदि रखें तो करें कार्रवाई

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की नवीन टीम द्वारा व्यापार जगत की समस्याओं का संकलन करने के उद्देश्य से समूहवार बैठकों का आयोजन ÷चेम्बर संवाद÷ के रूप में प्रारंभ किया गया है। आज समूह क्रमांक 18 (लोहा व्यवसाय) एवं 19 (थोक लोहा व्यवसाय) की बैठक 'चेम्बर भवनक्ष में सायं 4 बजे से आयोजित की गई। संवाद में व्यवसायियों ने बताया कि लोहिया बाजार की यातायात व्यवस्था काफी खराब हो गई है। दुकान के बाहर सामान रखने और लोडिंग वाहनों का बेतरतीब ख?ा होना इसका कारण है। इसके साथ ही, लोहिया बाजार में मयखाने खुलने से असमाजिक तत्वों का जमाव?ा रहता है, उनके द्वारा जुआ खेलने से बाजार की छवि प्रभावित हो रही है। इसके अतिरिक्त लोहा व्यवसायियों द्वारा चैक बाउंस के प्रकरणों के निराकरण में लगने वाले समय, बकाया जलकर माफी योजना चलाए जाने, व्यवसायियों को रिटायरमेंट के बाद पेंशन, गारबेज शुल्क लिया जा रहा है तो सम्पत्ति कर से स्वच्छता उपकर को हटाने, ट्रांसपोर्ट नगर के व्यवसायियों से जीडीए द्वारा संधारण शुल्क लेने तथा निगम द्वारा सम्पत्ति कर लिए जाने से दोहरा करारोपण, आरटीओ द्वारा लगाई जा रही यूनिक नंबर प्लेट का कैम्प लगाए जाने संबंधी समस्याएं रखीं। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि चेम्बर संवाद का उद्देश्यआपके व्यवसाय में आ रही समस्याओं का संकलन




करना है। आज आपके द्वारा जो समस्याएं रखी गई हैं, उन पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। लोहिया बाजार की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यदि आप सभी सहमत हैं, तो यह समस्या अब नहीं रहने वाली है। आपने सभी व्यवसायियों से कहा कि आप स्वयं से इसकी शुरूआत करें। बैठक में सभी व्यवसायियों ने एकमत से दुकान के बाहर सामान नहीं रखने पर सहमति व्यक्त की तथा कहा कि यदि कोई व्यवसायी ऐसा करता है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बैठक का संचालन कर रहे मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहा कि समूह क्रमांक-18 एवं 19 के कार्यकारिणी समिति सदस्य एवं ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ आज से ही दुकान के बाहर सामान न रखने के लिए सोशल मीडिया पर अभियान चलाएं कि हम अपना सामान दुकान के बाहर नहीं रखेंगे और यदि कोई करता है तो उसका पक्ष नहीं लेंगे। बैठक के अंत में उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में पूर्व कोषाध्यक्ष-रामनिवास अग्रवाल, ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष-संजय कट्ठल, सचिव-निर्मल कुमार जैन, कार्यकारिणी समिति सदस्य-विनोद कुमार बिजपुरिया, सुभाष गुप्ता, मनोज भाटिया, वैभव सिंघल सहित लोहा व्यवसायी-राकेश जैन, श्रीराम गुप्ता, रामकिशन सिंघल, हेमंत कोठारी, शिव कुमार गुप्ता, अजय गुप्ता, बालकिशन अग्रवाल, राजेश गुप्ता, विवेक जैन, अशोक कुमार, निखिल गुप्ता, नरेन्द्र छिरोल्या, अमित जैन, नरेन्द्र शिवहरे आदि उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478